सीएसआईआर- राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला

CSIR-NATIONAL CHEMICAL LABORATORY

वार्षिक प्रतिवेदन / Annual Report 2024-2025

Catalysing Innovation

75

1950-2025

CELEBRATING 75 YEARS OF EXCELLENCE



वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद

Council of Scientific & Industrial Research

CONTRIBUTORS

प्रकाशन/Published by

डॉ. आशीष लेले/ Dr. Ashish Lele

निदेशक, सीएसआईआर–एनसीएल/ Director, CSIR-NCL

प्रबंधन/Managed by

डॉ. निखलेश के. यादव/Dr. Nikhlesh K. Yadav

वैज्ञानिक और प्रमुख, प्रकाशन एवं विज्ञान संचार इकाई, सीएसआईआर–एनसीएल

Scientist and Head, Publication and Science Communication Unit, CSIR-NCL

संकलन एवं संपादन/Compiled and Edited by

श्री गणेश एस. माने/Mr. Ganesh S. Mane

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी/Senior Technical Officer

प्रकाशन एवं विज्ञान संचार इकाई, सीएसआईआर–एनसीएल

Publication and Science Communication Unit, CSIR-NCL

हिंदी अनुवाद/Hindi Translation by

डॉ. स्वाति चड्ढा/Dr. Swati Chadha

वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी, सीएसआईआर–एनसीएल

Senior Hindi Officer, CSIR-NCL

आर एंड डी संसाधन/R&D Resource by

डॉ. विजयकुमार मोडेपल्ली/Dr. Vijaykumar Modepalli

वरिष्ठ वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी प्रबंधन समूह, सीएसआईआर–एनसीएल

Senior Scientist, Technology Management Group, CSIR-NCL

कवर पेज, लेआउट और डिज़ाइन/Cover Page, Layout and Design by

श्रीमती मनीषा तायडे/Mrs. Manisha Tayade

मुद्रण/Printed by

टाइपोग्राफ़िका प्रेस सेवाएँ, पुणे

Typographica Press Services, Pune

वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT 2024-25

Catalysing Innovation

75th Years

शुभकामनाओं सहित ...*With Best Compliments from...*

डॉ. आशीष लेले/ *Dr. Ashish Lele*

निदेशक, सीएसआईआर–एनसीएल/ *Director, CSIR-NCL*

अनुक्रमणिका INDEX

1

Page 4-38

निदेशक के डेस्क से

From the Director's Desk

विज़न,मिशन, मार्गदर्शक सिद्धांत और मूल्य/

Vision, Mission, Guiding Principles & Values

संगठन चार्ट/Organization Chart

अनुसंधान थीम्स और क्षेत्र/Research Themes & Areas

अनुसंधान परिषद/Research Council.

प्रबंधन परिषद/Management Council

प्लैटिनम जयंती/Platinum Jubilee

2

Page 39-50

प्रदर्शन सूचक/Performance Indicators

विज्ञान प्रदर्शन सूचक/Science Performance Indicators

प्रौद्योगिकी प्रदर्शन सूचक/Technology Performance Indicators

मानव संसाधन सूचक/Human Resource Indicators

वित्तीय प्रदर्शन सूचक/Financial Performance Indicators

उत्पाद और परिणाम/Outputs & Outcomes

3

Page 51-78

अनुसंधान और विकास/ Research & Development

प्रौद्योगिकी केंद्रित कार्यक्रम/Technology Focused Programs

परियोजना हाइलाइट/Project Highlight

जिज्ञासा प्रेरित अनुसंधान /Curiosity Driven Research

शोध प्रकाशन/Research Publication

अनुक्रमणिका INDEX

संसाधन केंद्र/Resource Centers

4

Page 79-98

कैटलिस्ट पायलट प्लांट / Catalyst Pilot Plant

केंद्रीय विश्लेषणात्मक सुविधा /Central Analytical Facility

अंकीय सूचना संसाधन केंद्र /Digital Information Resource Center

सूचना संसाधन केंद्र / Knowledge Resource Center

औद्योगिक सूक्ष्मजीवों का राष्ट्रीय संग्रह / NCIM

प्रौद्योगिकी प्रबंधन समूह / Technology Management Group

बौद्धिक संपदा समूह / Intellectual Property Group

विज्ञान आउटरीच संसाधन केंद्र / Science Outreach Resource Center

विज्ञान और प्रौद्योगिकी समर्थन सेवाएं S&T Support Services

5

Page 99-110

इंजीनियरिंग सेवा इकाई/Engineering Services Unit

कौशल विकास कार्यक्रम/Skill Development Program

प्रयोगशाला सुरक्षा प्रबंधन/Lab Safety Management

वित्त और लेखा/Finance & Accounts

भंडार और क्रय/Stores & Purchase

प्रकाशन एवं विज्ञान संचार/Publication and Science communication

परिशिष्ट /Annexures

6

Page 111-148

पेटेंट स्वीकृत: विदेशी और भारतीय

Patents Granted: Foreign & Indian

डॉक्टरेट थीसिस/Ph.D. Theses

डेटलाइन सीएसआईआर–एनसीएल/ Dateline CSIR-NCL

पुरस्कार/मान्यताएँ/Awards / Recognitions

सीएसआईआर–एनसीएल ग्राहक/CSIR- NCL Customers

राजभाषा रिपोर्ट

निदेशक की कलम से...

पुणे स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनसीएल) में आपका हार्दिक स्वागत है। मुझे वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है, जो वैज्ञानिक ज्ञान को आगे बढाने और उसे प्रभावशाली प्रौद्योगिकियों में परिणित करने में प्रयोगशाला की उपलब्धियों को दर्शाती है।

वित्तीय वर्ष के दौरान प्रयोगशाला ने मूलभूत विज्ञानों में महत्वपूर्ण प्रगति की है और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पीयर-रिव्यू पत्रिकाओं में 5.6 के औसत प्रभाव कारक के साथ 431 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, जिनमें उच्च-प्रभाव वाली पत्रिकाएँ भी शामिल हैं जैसे कि Materials Science - Engineering R-Reports, Advanced Materials, Molecular Plant, Journal of Travel Medicine, CHEM, Advanced Functional Materials, Matter, इ. इस बौद्धिक योगदान को सुरक्षित रखने के लिए 62 भारतीय पेटेंट और 57 विदेशी पेटेंट प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान सीएसआईआर-एनसीएल को 15 भारतीय और 28 विदेशी पेटेंट प्रदान किए गए, जो पिछले वर्षों के कार्यों को दर्शाते हैं। साथ ही सीएसआईआर-एनसीएल के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में 68 शोध छात्रों ने सफलतापूर्वक अपने डॉक्टरेट शोध प्रबंध पूर्ण किए।

प्रयोगशाला ने कई तकनीकी ज्ञान का सफलतापूर्वक लाइसेंस भी प्राप्त किया है, जिनमें निम्न-तापमान पीईएम और उच्च-तापमान पीईएम फ्यूल सेल स्टैक के परीक्षण के लिए फ्यूल सेल परीक्षण स्टेशन, जल और अपशिष्ट जल उपचार के लिए वर्टेक्स डायोड और सतह लेपित कैविटेशन रिएक्टर, एसिटिक एनहाइड्राइड का उपयोग करके पैरासिटामोल के उत्पादन और मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड के उत्पादन के लिए विलायक-मुक्त सतत प्रक्रियाएं, और एक इलेक्ट्रोलाइजर मल्टी-सेल/ शॉर्ट स्टैक परीक्षण प्लेटफॉर्म शामिल हैं। सीएसआईआर-एनसीएल रासायनिक और संबद्ध उद्योगों के साथ अपने घनिष्ठ सहयोग के लिए प्रसिद्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान प्रयोगशाला ने इस परंपरा को जारी रखते हुए उद्योग-प्रायोजित कई अनुसंधान और परामर्श परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया।

प्रयोगशाला ने सुनियोजित रोडमैप की अनुरूपता से प्राप्त लाभ से 44.78 करोड रुपये की आकर्षक बाह्य नकदी प्रवाह (ईसीएफ) आय अर्जित की। ईसीएफ में औद्योगिक प्रायोजित और परामर्श अनुसंधान परियोजनाओं से होने वाली आय, प्रतिष्ठित वैश्विक और राष्ट्रीय परोपकारी संस्थाओं से प्राप्त आय, विभिन्न सरकारी वित्तपोषण एजेंसियों से प्रतिस्पर्धी बोली वाली अनुसंधान परियोजनाओं से प्राप्त आय, ज्ञान-आधारित लाइसेंसिंग शुल्क/प्रीमियम और रॉयल्टी आय शामिल थी।

सीएसआईआर-एनसीएल ने अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता और अंतर्विषयक सहयोग की संस्कृति को बढावा देने वाले कार्यक्रमों, विषयगत कार्यक्रमों और विशिष्ट व्याख्यानों की श्रृंखला के माध्यम से वैज्ञानिक उत्कृष्टता की अपनी विरासत को कायम रखा।

एनसीएल ने हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी, एपीआई निर्माण, जियोलाइट्स और अपशिष्ट जल उपचार के क्षेत्रों में उद्योग को 7 विशिष्ट विशेषज्ञताओं का लाइसेंस दिया। इस प्रयोगशाला ने सुनियोजित रोडमैप के अनुरूप संचालन से लाभ स्वरूप 44.78 करोड रुपये की आकर्षक बाह्य नकदी प्रवाह (ईसीएफ) आय अर्जित की।

इस वर्ष राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर बेंगलुरु स्थित फर्मबॉक्स बायो प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री सुब्रमणि रामचंद्रप्पा का एक विचारोत्तेजक व्याख्यान भी शामिल था। 'एक सप्ताह एक थीम' कार्यक्रम ने वैज्ञानिक आदान-प्रदान के लिए एक जीवंत मंच प्रदान किया, जबकि भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर (डीएसटी-एसईआरबी) प्रोफेसर बिमान बागची द्वारा दिए गए प्रोफेसर जे. डब्ल्यू. मैकबेन स्मृति व्याख्यान ने संस्थान में अकादमिक चर्चा को समृद्ध किया।

सीएसआईआर-एनसीएल ने उद्यमियों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के लिए एक पेटेंट प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का भी आयोजन किया, जिससे प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा प्रबंधन में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। एक्सॉनमोबिल टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग कंपनी में लो कार्बन सॉल्यूशंस टेक्नोलॉजी के उपाध्यक्ष डॉ. प्रसन्ना वी. जोशी द्वारा सतत तकनीकी प्रगति पर दिया गया एल.के. दोराई स्वामी स्मृति व्याख्यान अत्यंत प्रेरक रहा।

वर्ष के दौरान कई प्रख्यात वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए। प्रो. मार्क आर. प्राउस्निट्ज द्वारा दिया गया डॉ. बी. डी. कुलकर्णी एंडाउमेंट व्याख्यान और एमक्योर फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. मुकुंद के. गुर्जर द्वारा दिया गया प्रो. के. वेंकटरामन स्मृति व्याख्यान ने वैश्विक अनुसंधान नेताओं के साथ संस्थान की निरंतर भागीदारी को उजागर किया। सीएसआईआर का 83वां स्थापना दिवस सी-डैक, पुणे के राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के मिशन निदेशक डॉ. हेमंत दरबारी के व्याख्यान के साथ मनाया गया। सीएसआईआर-एनसीएल ने 10 वें आईआईएसएफ 2024 के कर्टेन रेजर इवेंट की भी मेजबानी की, जिसमें थर्मैक्स लिमिटेड के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी डॉ. शांतनु चौधरी ने भाग लिया, साथ ही छठे एनसीएल-आरएफ वार्षिक छात्र सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसने संस्थान के भीतर पोषित जीवंत अनुसंधान संस्कृति को प्रदर्शित किया।

रासायनिक अभिक्रिया अभियांत्रिकी संगोष्ठी और डॉ. विलियम (बिल) टुमास द्वारा "नवीकरणीय ऊर्जा-रसायन विज्ञान संबंध" विषय पर दिए गए व्याख्यान ने सतत प्रौद्योगिकियों को बढावा देने के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाया।

अपनी प्लेटिनम जयंती के उपलक्ष्य में सीएसआईआर-एनसीएल ने अपना 75वां स्थापना दिवस पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित और बायोकॉन समूह की अध्यक्ष डॉ. किरण मजूमदार-शॉ के प्रेरणादायक भाषण के साथ मनाया, जिन्होंने अनुसंधान नेतृत्व और नवाचार पर बहुमूल्य अंर्तदृष्टि साझा की। कोलंबिया विश्वविद्यालय के रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग के प्रोफेसर सनत कुमार द्वारा दिया गया प्रोफेसर बी. डी. तिलक स्मृति विज्ञान दिवस व्याख्यान और पद्म विभूषण से सम्मानित और मुंबई सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व निदेशक प्रोफेसर मनमोहन शर्मा द्वारा दिया गया डॉ. एल.के. दौराईस्वामी स्मृति व्याख्यान ने वर्ष की शैक्षणिक गतिविधियों को और भी विशिष्ट बना दिया।

इस वर्ष के दौरान सीएसआईआर-एनसीएल ने प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों, उद्योगों और सरकारी निकायों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके रणनीतिक साझेदारियों के अपने नेटवर्क का विस्तार जारी रखा। इन सहयोगों का उद्देश्य विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास और क्षमता निर्माण को बढावा देना है। चेलाराम डायबिटीज इंस्टीट्यूट, वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वीएस लिग्नाइट पावर प्राइवेट लिमिटेड और एट्रीयम इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड, सीएसआईआर-सीईसीआरआई और पेरिबा हाइकोको एलएलपी, बीएआईएफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन, बजवर्थी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, बीकेएल वालावलकर रूरल मेडिकल कॉलेज, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर सोलापुर विश्वविद्यालय (पीएएचएसयूएस), राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (आईआईटी-बीएचयू), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), 11 बेस रिपेयर डिपो (11 बीआरडी), बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड, आईसीएमआर-राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सीएसआईआर-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान, महर्षि मार्कंडेय (मानित विश्वविद्यालय), मुल्लाना, आईटीईआर-भारत, प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान, पुणे नॉलेज क्लस्टर फाउंडेशन (पीकेसीएफ), एशियन पेंट्स लिमिटेड, एजियोक्रिस्ट ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड और एनटीपीसी (राष्ट्रीय तापीय विद्युत निगम) के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

इस वर्ष के दौरान, सीएसआईआर-एनसीएल ने 14 कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 182 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया और कई ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षुओं को कौशल प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त विज्ञान आउटरीच संसाधन केंद्र ने 13 जिज्ञासा कार्यक्रम आयोजित किए और विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के 1,100 से अधिक छात्रों के भ्रमण की सुविधा प्रदान की, जिससे सामुदायिक संपर्क और आउटरीच प्रयासों को बढावा मिला।

मैं सीएसआईआर-एनसीएल के सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और छात्रों को उनके समर्पण और कडी मेहनत के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं, जो प्रयोगशाला की सफलता का केंद्र बिंदु रहे हैं। मैं अनुसंधान परिषद, प्रबंधन परिषद, महानिदेशक-सीएसआईआर और सीएसआईआर मुख्यालय, नई दिल्ली के कर्मचारियों को उनके निरंतर सहयोग और समर्थन के लिए भी धन्यवाद देता हूं।

आशीष लेले

(आशीष लेले)

The DIRECTOR'S MESSAGE

Greetings and a warm welcome to the **CSIR-National Chemical Laboratory (CSIR-NCL), Pune.** I am pleased to present the Annual Report for the year 2024–25, showcasing the laboratory's achievements in advancing scientific knowledge and translating it into impactful technologies.

During the financial year, the laboratory made significant strides in fundamental sciences, publishing 431 research papers with an average impact factor of 5.6 in esteemed national and international peer-reviewed journals, including high-impact ones like Materials Science & Engineering R-Reports, Advanced Materials, Molecular Plant, Journal of Travel Medicine, CHEM, Advanced Functional Materials, Matter, etc. To safeguard this intellectual output, 62 Indian patents and 57 foreign patents were filed. Additionally, 15 Indian and 28 foreign patents were granted to CSIR-NCL during the year, reflecting work from previous years. Moreover, 68 research students successfully completed their doctoral theses under the mentorship of CSIR-NCL scientists.

The laboratory also successfully licensed several know-how, namely the Fuel Cell Test Station for Testing of low-temperature PEM and high-temperature PEM Fuel Cell Stacks, Vortex Diode and Surface Coated Cavitation Reactors for Water and Wastewater Treatment, Solvent free Continuous Processes for the Production of Paracetamol using Acetic Anhydride and Production of Metformin Hydrochloride, and an Electrolyser Multi-cell/Short Stacks Testing Platform. CSIR-NCL is well-known for its close collaboration with chemical and allied industries. During the financial year 2024-25, the laboratory continued this tradition and successfully completed several industry-sponsored research and consulting projects.

The laboratory earned a handsome External Cash Flow (ECF) income of Rs 44.78 Cr, reaping the benefits of alignment with a well-planned roadmap. The ECF included earnings from industrial sponsored and consultancy research projects, prestigious global and national philanthropic foundations, competitively bid research projects from various government funding agencies, know-how licensing fees/ premia and royalty income.

CSIR-NCL also upheld its legacy of scientific excellence through a series of events, thematic programs, and distinguished lectures that celebrated the culture of research, innovation, entrepreneurship, and interdisciplinary collaboration.

The year featured a thought-provoking lecture by Mr. Subramani Ramachandrappa, Founder and Managing Director of Fermbox Bio Pvt. Ltd., Bengaluru on the occasion of the National Technology Day. The One Week One Theme Program

NCL licensed 7 unique knowhows to industry in the areas of hydrogen technologies, API manufacturing, zeolites and wastewater treatment. The laboratory earned a handsome External Cash Flow (ECF) income of Rs 44.78 Cr, reaping the benefits of alignment with a well-planned roadmap.

provided a vibrant platform for scientific exchange, while the Prof. J. W. McBain Memorial Lecture by Prof. Biman Bagchi, Indian National Chair Professor (DST-SERB), enriched the academic discourse at the institute.

CSIR-NCL also organized a Patent Certificate Course for Entrepreneurs, Scientists, and Engineers, empowering participants with valuable insights into intellectual property management. The L.K. Doraiswamy Memorial Lecture, delivered by Dr. Prasanna V. Joshi, Vice President of Low Carbon Solutions Technology at ExxonMobil Technology and Engineering Company, inspired many with his insights on sustainable technological advancements.

Several eminent scientists and experts delivered key lectures during the year. The Dr. B. D. Kulkarni Endowment Lecture by Prof. Mark R. Prausnitz and the Professor K. Venkataraman Memorial Lecture by Dr. Mukund K. Gurjar, Chief Scientific Officer, Emcure Pharmaceuticals Ltd., highlighted the institute's ongoing engagement with global research leaders. The 83rd CSIR Foundation Day was celebrated with a lecture by Dr. Hemant Darbari, Mission Director, National Supercomputing Mission, C-DAC, Pune. CSIR-NCL also hosted the Curtain Raiser Event of the 10th IISF 2024, featuring Dr. Santanu Chaudhuri, Chief Technology Officer, Thermax Ltd., alongside the 6th NCL-RF Annual Student Conference, which showcased the vibrant research culture nurtured within the institute.

The Chemical Reaction Engineering Symposium and a lecture by Dr. William (Bill) Tumas on "The Renewable Energy–Chemistry Nexus" reflected the institute's commitment to advancing sustainable technologies.

Marking its Platinum Jubilee year, CSIR-NCL celebrated the 75th Foundation Day with an inspiring address by Dr. Kiran Mazumdar-Shaw, Padma Bhushan awardee and Chairperson of the Biocon Group, who shared valuable insights on research leadership and innovation. The Prof. B. D. Tilak Memorial Science Day Lecture by Prof. Sanat Kumar, Bykhovsky Professor of Chemical Engineering, Columbia University, and the Dr. L.K. Doraiswamy Memorial Lecture by Prof. Man Mohan Sharma, Padma Vibhushan and former Director, ICT Mumbai, added further distinction to the year's academic proceedings.

During the year, CSIR–NCL continued to expand its network of strategic partnerships through the signing of Memoranda of Understanding (MoUs) with leading academic institutions, research organizations, industries, and government bodies. These collaborations aim to foster joint research, technology development, and capacity building across diverse scientific domains. MoUs were signed with Chellaram Diabetes Institute, Vellore Institute of Technology, VS Lignite Power Pvt. Ltd. & Atrium Innovations Pvt. Ltd., CSIR–CECRI & Periba Hycoco LLP, BAIF Development Research Foundation, Buzzworthy Ventures Private Limited, BKL Walawalkar Rural Medical College, Punyashlok Ahilyadevi Holkar Solapur University (PAHSUS), National Council of Science Museums, Centre for Development of Advanced Computing (C-DAC), Indian Institute of Technology–Banaras Hindu University (IIT-BHU), Ministry of Electronics & Information Technology (MeitY), 11 Base Repair Depot (11 BRD), Biocon Biologics Limited, ICMR–National Institute of Virology, Department of Biotechnology, CSIR–Institute of Microbial Technology, Maharishi Markandeshwar (Deemed to be University), Mullana, ITER–India, Institute for Plasma Research, Pune Knowledge Cluster Foundation (PKCF), Asian Paints Limited, Azeocryst Organics Private Limited, and NTPC (National Thermal Power Corporation).

During the year, CSIR-NCL conducted 14 Skill Development Programs, training 182 individuals and skilling many summer interns. Additionally, the Science Outreach Resource Center organized 13 Jigyasa programs and facilitated visits by more than 1,100 students from various schools and colleges, thereby enhancing community interaction and outreach efforts.

I sincerely thank all the scientists, staff, and students of CSIR-NCL for their dedication and hard work, which have been central to the laboratory's success. I also thank the Research Council, Management Council, DG-CSIR, and the staff at CSIR Headquarters, New Delhi, for their continued cooperation and support.

(Ashish Lele)

परिकल्पना
लक्ष्य
मार्गदर्शक सिद्धांत और मूल्य

रासायनिक विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त और सम्मानित अनुसंधान एवं विकास (R&D) संगठन बनना।

एक ऐसा संगठन बनना जो भारतीय रसायन और संबंधित उद्योगों को स्वयं से विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी संगठनों में बदलने में सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

एक ऐसा संगठन बनना जो राष्ट्र के लिए संपत्ति सृजन करने के अवसर प्रदान करेगा और इस प्रकार अपने लोगों के जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करेगा।

अंतत: एक उत्पाद, प्रक्रिया, बौद्धिक संपदा, अंर्तनिहित ज्ञान तथा सेवा प्रदान करने की दृष्टि से रासायनिक और संबंधित विज्ञान में अनुसंधान एवं विकास करना जो धन संपत्ति उत्पन्न करने के अवसर प्रदान कर सके और एनसीएल के हितधारकों को अन्य लाभ भी प्रदान कर सके ।

एनसीएल को अपने हितधारकों की वर्तमान और भविष्य की मांगों को पूरा करने तथा सक्षम बनने के लिए वैज्ञानिक गतिविधियों के साथ–साथ अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों का एक संतुलित पोर्टफोलियों बनाना और उसका रख रखाव करना ।

एनसीएल में विशेष ज्ञान, क्षमता और संसाधन केंद्रों का निर्माण करना और उनका रखरखाव करना, जो एनसीएल के सभी हित धारकों को सहायता प्रदान कर सकें।

रासायनिक, पदार्थ , जैविक और इंजीनियरिंग विज्ञान के क्षेत्र में दक्षताओं के साथ उच्च गुणवत्ता वाले मानव संसाधनों के निर्माण में योगदान देना।

अपने हितधारकों की सफलता के लिए गहराई से प्रतिबद्ध होना।

उच्च स्तर की आंतरिक और बाह्य पारदर्शिता के साथ एक स्व–संचालित और स्व–प्रबंधित शिक्षण संगठन बनाना और उसकी देखरेख करना ।

सामूहिक और सिद्धांत केंद्रित नेतृत्व की संस्कृति को प्रोत्साहित करना ।

व्यक्ति की गरिमा को महत्व देना और लोगों के साथ निष्पक्षता की भावना के साथ और पूर्वाग्रह, पूर्वाग्रह या पक्षपात के बिना व्यवहार करना।

उच्चतम मानकों का सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण के साथ पालन करना।

Vision
Mission
Guiding principles & Values

To be a globally recognized and respected R&D organization in the area of chemical sciences and engineering.

To become an organization that will contribute significantly towards assisting the Indian chemical and related industries in transforming themselves into globally competitive organizations.

To become an organization that will generate opportunities for wealth creation for the nation and, thereby, enhance the quality of life for its people.

To carry out R&D in chemical and related sciences with a view to eventually deliver a product, process, intellectual property, tacit knowledge or service that can create wealth and provide other benefits to NCL's stakeholders.

To build and maintain a balance portfolio of scientific activities as well as R&D programs to enable NCL to fulfill the demands of its stakeholders, present and future.

To create and sustain specialized Knowledge Competencies and Resource Centers within NCL which can provide support to all stakeholders of NCL.

To contribute to the creation of high quality Human resources with competencies in the area of chemical, material, biological and engineering sciences.

To be deeply committed to the success of our stakeholders.

To create and sustain a self - driven and self - managed learning organization with a high degree of internal and external transparency.

To encourage a culture of collective and principle-centred leadership.

To value the dignity of the individual and deal with people with a sense of fairness and without bias, prejudice or favour.

To nurture the highest standards of integrity and ethical conduct.

संगठन चार्ट

श्री नरेंद्र मोदी
भारत के प्रधानमंत्री एवं अध्यक्ष,
सीएसआईआर

डॉ. जितेंद्र सिंह
केंद्रीय मंत्री, (एस एंड टी)
एवं उपाध्यक्ष, सीएसआईआर

डॉ. एन. कलैसेल्वी
सचिव, डीएसआईआर
एवं महानिदेशक, सीएसआईआर

प्रो. आशीष लेले
निदेशक, सीएसआईआर
एनसीएल

प्रबंधन परिषद

अनुसंधान परिषद

वैज्ञानिक प्रभाग

- रासायनिक अभि. प्रक्रिया विकास
- उत्प्रेरक एवं अकार्बनिक रसायन
- कार्बनिक रसायन
- भौतिक एवं पदार्थ रसायन
- बहुलक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
- जैव रसायन विज्ञान

संसाधन केंद्र

- पायलट संयंत्र
- केन्द्रीय विश्लेषणात्मक सुविधाएँ
- एनसीआईएम
- ज्ञान संसाधन केंद्र
- नेटवर्क प्रशासन एवं डिजिटल सूचना
- उच्च निष्पादन संगणन क्लस्टर
- बौद्धिक संपदा (आईपी) समूह
- प्रकाशन एवं विज्ञान संप्रेषण
- जनसंपर्क गतिविधियाँ
- एनसीएल नवाचार

एस एंड टी सहायता

- अभियांत्रिकी सेवाएं
- ग्लास ब्लोयिंग
- प्रशासन
- वित्त एवं लेखा
- भंडार एवं क्रय

व्यवसाय विकास एवं रणनीति

- अनुबंध एवं समझौते
- लाइसेंसिंग
- प्रौद्योगिकी विपणन
- प्रौद्योगिकी–व्यावसायिक आकलन
- रोडमैपिंग
- नीति अनुसंधान

Organization Chart

Shri Narendra Modi
Prime Minister of India
& President, CSIR

Dr. Jitendra Singh
Union Minister for S&T and
Vice-President, CSIR

Dr. N. Kalaiselvi
Secretary, DSIR &
Director General, CSIR

Prof. Ashish Lele
Director, CSIR-NCL

Management Council

Research Council

Scientific Divisions

- Chemical Engg. Process Dev.
- Catalysis & Inorganic Chemistry
- Organic Chemistry
- Physical & Materials Chemistry
- Polymer Science & Engineering
- Biochemical Sciences

Resource Centers

- Pilot Plants
- Central Analytical Facilities
- NCIM
- Knowledge Resource Centre
- Network Administration & Digital Information
- High Performance Computing Cluster
- IP Group
- Publication & Science Communication
- Outreach
- NCL Innovations

S&T Support

- Engineering Services
- Glass Blowing

- Administration
- Finance & Accounts
- Stores & Purchase

Business Development Strategy

- Contracts & Agreements
- Licensing
- Technology Marketing
- Technocommercial Assessment
- Roadmapping
- Policy Research

अनुसंधान विषय और क्षेत्र

अनुसंधान विषय

- स्वच्छ ऊर्जा
- सी १ रसायन शास्त्र
- वृत्तीय अर्थव्यवस्था
- दीर्घकालिक रासायनिक उद्योग
- बायोसिमिलर
- बायोमास
- एग्रीटेक

अनुसंधान क्षेत्र

उत्प्रेरक एवं अकार्बनिक रसायन विज्ञान

- उत्प्रेरक डिज़ाइन और स्केल-अप
- पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल्स
- पर्यावरणीय उत्प्रेरक और नवीनीकरण ऊर्जा
- बायोमास से ईंधन और रसायन
- कार्बन डाइऑक्साइड अभिग्रहण और उसका उपयोग
- सी १ रसायनशास्त्र

भौतिक एवं पदार्थ रसायन विज्ञान

- उन्नत पदार्थ
- नैनो संरचना और नैनो पदार्थ
- स्पेक्ट्रोस्कोपी और समय समाधान तकनीकें
- सिद्धांत और अनुकरण
- एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी
- ऊर्जा और भंडारण सामग्री

रासायनिक अभियांत्रिकी और प्रक्रिया विकास

- निरंतर प्रवाह विनिर्माण
- जैव रासायनिक और जैविक अभियांत्रिकी
- मॉडलिंग और सिम्यूलेशन
- प्रोसेस इनटेंसिफिकेशन और स्केल अप
- बीईपी और लेब डेमो/पायलट
- सूक्ष्म और विशिष्ट रसायन

बहुलक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी

- नियंत्रित बहुलीकरण तकनीकें
- बहुलीकरण उत्प्रेरक
- प्राकृतिक बहुलक/ जैव बहुलक
- इनकैप्सुलेशन / इलेक्ट्रोस्पिनिंग
- बहुलक और पदार्थ मॉडलिंग
- मिश्रित द्रव और बहुलक अभियांत्रिकी

कार्बनिक रसायन

- काइरल संश्लेषण
- नवीन संश्लेषण पद्धतियां
- ड्रग्स और फार्मा, प्राकृतिक उत्पाद
- रासायनिक जीवविज्ञान
- जैव कार्बनिक और बायोमिमेटिक रसायन आणविक विविधता आधारित रासायनिक आनुवांशिकी

जैव रसायन विज्ञान

- कृषि जैव प्रौद्योगिकी, फसल एवं पोषण
- निदान और चिकित्सा विज्ञान
- औद्योगिक सूक्ष्म जीव विज्ञान और जैव उत्प्रेरक
- जैव-नैनो प्रोद्योगिकी
- एंजाइम अभियांत्रिकी
- पादप/वनस्पति ऊतक संवर्धन

Research Themes and Areas

RESEARCH THEMES

- Clean Energy
- C1 Chemistry
- Circular Economy
- Sustainable Chemical Industry
- Biosimilars
- Biomass
- Agritech

RESEARCH AREAS

Catalysis and Inorganic Chemistry

- Catalyst Design and Scale-up
- Petroleum and Petrochemicals
- Environmental Catalysis and Renewable Energy
- Biomass to Fuels and Chemicals
- CO_2 Capture and Utilization
- C1 Chemistry

Physical and Materials Chemistry

- Advanced Materials
- Nanostructures and Nanomaterials
- Spectroscopy and Time Resolved Techniques
- Theory and and Simulation
- X-ray Crystallography
- Energy and Storage Materials

Chemical Engineering and Process Development

- Continuous Flow Manufacturing
- Biochemical and Biological Engineering
- Modelling and Simulations
- Process Intensification and Scale-up
- BEP and Lab Demo/ Pilots
- Fine and Specialty Chemicals

Polymer Science and Engineering

- Controlled Polymerization Techniques
- Polymerization Catalysis
- Natural Polymers/ Biopolymers
- Encapsulation/ Electrospinning
- Polymer and Materials Modeling
- Complex Fluids and Polymer Engineering

Organic Chemistry

- Chiral Synthesis
- New Synthetic Methodologies
- Drugs and Pharma, Natural Products
- Chemical Biology
- Bio-Organic and Bio-mimetic Chemistry
- Molecular Diversity based Chemical Genetics

Biochemical Sciences

- Agricultural Biotechnology, Crop & Nutrition
- Diagnostics and Therapeutics
- Industrial Microbiology and Biocatalysts
- Bio-Nanotechnology
- Enzyme Engineering
- Plant Tissue Culture

अनुसंधान परिषद

अध्यक्ष

प्रो. ए. बी. पंडित

कुलपति, रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान,
नथलाल पारेख मार्ग, माटुंगा,
मुंबई – 400019

बाहरी सदस्य

प्रो. रामकृष्ण सोंडे

रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग,
आईआईटी दिल्ली पूर्व सीटीओ,
थर्मैक्स

डॉ. टी. राजमन्नार

कार्यकारी उपाध्यक्ष और एमडी
प्रमुख के सलाहकार
उच्च प्रभाव नवाचार – सतत स्वास्थ्य समाधान
सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड,
वडोदरा– 390012

प्रो. मिताली मुखर्जी

प्रोफेसर, जैव विज्ञान एवं जैव अभियांत्रिकी विभाग,
आईआईटी जोधपुर,
नागौर रोड, कारवार
जोधपुर–342030

डॉ. प्रमोद कुंभार

मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, प्राज इंडस्ट्रीज,
प्राज हाउस, बावधन
पुणे – 411021

निदेशक

डॉ. आशीष लेले

निदेशक, सीएसआईआर–राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला,
डॉ. होमी भाभा रोड, पुणे–411008

सचिव

डॉ. मगेश नंदगोपाल

प्रमुख, प्रौद्योगिकी प्रबंधन समूह,
सीएसआईआर–एनसीएल, पुणे

संस्था प्रतिनिधि

डॉ. शीर्षेंदु मुखर्जी

जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद
(बीआईआरएसी), पहली मंजिल, एमटीएनएल भवन, 9,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड नई दिल्ली–110003

महानिदेशक द्वारा नामित

डॉ. एस. सत्यनारायणन

प्रमुख, केंद्रीय योजना निदेशालय,
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद,
रफ़ी मार्ग, नई दिल्ली 110001

सहयोगी प्रयोगशाला

डॉ. राधा रंगराजन

निदेशक, सीएसआईआर–केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान,
सेक्टर–१०, जानकीपुरम एक्सटेंशन सीतापुर रोड,
लखनऊ–226021

Research Council

CHAIRPERSON

Prof. A. B. Pandit
Vice Chancellor,
Institute of Chemical Technology,
Nathalal Parekh Marg,
Matunga, Mumbai – 400019

DIRECTOR

Dr. Ashish Kishore Lele
Director, CSIR-National Chemmical Laboratory,
Dr. Homi Bhabha Rd, Pune – 411008

External Members

Prof. Ramakrishna Sonde
Chemical Engineering Department,
IIT Delhi Former CTO, Thermax

Dr. T. Rajamannar
Executive Vice President & Advisor to MD
Head, High Impact Innovations - Sustainable Health Solutions Sun Pharmaceutical Industries Ltd,
Vadodara– 390012

Prof. Mitali Mukerji
Professor, Department of Bioscience and Bioengineering, IIT Jodhpur,
Nagaur Road, Karwar Jodhpur–342030

Dr. Pramod Kumbhar
Chief Technology Officer, Praj Industries,
Praj House, Bavdhan Pune – 411 021

Secretary

Dr. Magesh Nandagopal
Head, Technology Management Group,
CSIR-NCL, Pune

Agency Representative

Dr. Shirshendu Mukherjee
Biotechnology Industry Research Assistance Council (BIRAC), 1st Floor, MTNL Building, 9, CGO Complex, Lodhi Road New Delhi–110003

DG's Nominee

Dr. S. Sathiyanarayanan
Head, Central Planning Directorate,
Council of Scientific & Industrial Research,
Rafi Marg, New Delhi – 110 001Sister Laboratory

Sister Laboratory

Dr. Radha Rangarajan
Director, CSIR-Central Drug Research Institute,
Sector-10, Jankipuram Extension Sitapur Road,
Lucknow – 226021

प्रबंधन परिषद / Management Council

अध्यक्ष

डॉ. आशीष लेले
निदेशक
सीएसआईआर–राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला, पुणे

CHAIRPERSON

Dr. Ashish Kishore Lele
Director,
CSIR-NCL, Pune

सदस्य: सीएसआईआर-एनसीएल

डॉ. डी. श्रीनिवास रेड्डी,
निदेशक, सीएसआईआर–आईआईसीटी, हैदराबाद
डॉ. किरणदीप सिंह
डॉ. मरिमुथु बानू
डॉ. दुर्बा सेनगुप्ता
डॉ. समीर चिक्कली
डॉ. सुनीता बर्वे
प्रमुख, पीएमई
वित्त एवं लेखा नियंत्रक/
वित्त एवं लेखा अधिकारी

MEMBERS: CSIR- NCL

Dr. D. Srinivasa Reddy,
Director, CSIR-IICT, Hyderabad
Dr. Kirandeep Singh
Dr. Marimuthu Banu
Dr. Durba Sengupta
Dr. Samir Chikkali
Dr. Sunita Barve
Head, PME
CoFA / F&AO

सदस्य सचिव

प्रशा.नियंत्रक
प्रशा. अधिकारी

MEMBER SECRETARY

CoA/ AO

प्लेटिनम जयंती समारोह

75

PLATINUM
J U B I L E E
CELEBRATIONS

वैज्ञानिक उत्कृष्टता के ७५ वर्ष पूरे होने का आयोजन

75th Foundation Day
CSIR-NCL

PLATINUM JUBILEE

3 जनवरी 1950 को जब भारत एक नए भविष्य की दहलीज पर खड़ा था, तब भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा पुणे में रसायन विज्ञान को समर्पित एक ऐतिहासिक संस्थान का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया। सीएसआईआर–राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (सीएसआईआर–एनसीएल) की स्थापना एक विशिष्ट राष्ट्रीय उद्देश्य के साथ हुई थी – औद्योगिक प्रगति और सामाजिक कल्याण के लिए विज्ञान का उपयोग करना।

उद्घाटन समारोह अपने आप में ऐतिहासिक था। नोबेल पुरस्कार विजेता और विश्वभर के प्रख्यात वैज्ञानिक पुणे के पाषाण क्षेत्र में एकत्रित हुए, जिन्होंने भारत की वैज्ञानिक आकांक्षाओं में वैश्विक विश्वास की पुष्टि की। सीएसआईआर के संस्थापक दूरदर्शी सर शांति स्वरूप भटनागर ने एनसीएल के लिए एक साहसिक लक्ष्य निर्धारित किया: मौलिक अनुसंधान को औद्योगिक अनुप्रयोग से जोड़ना और यह सुनिश्चित करना कि वैज्ञानिक ज्ञान मानव कल्याण में परिवर्तित हो।

प्रयोगशाला के पहले निदेशक, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जे.डब्ल्यू. मैकबेन (एफआरएस) ने उत्कृष्टता की नींव रखी। प्रारंभिक वर्षों के अक्सर उद्धृत किस्से में यह याद किया जाता है कि जो कभी खुली भूमि थी, वह महज तीन वर्षों में एक पूर्णतः कार्यात्मक अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तित हो गई–जिसमें प्रयोगशालाएँ, उपकरण, आवास और नागरिक सुविधाएँ शामिल थीं।

On 3 January 1950, as India stood at the threshold of a new future, a landmark institution dedicated to chemical sciences was formally declared open in Pune by Pandit Jawaharlal Nehru, India's first Prime Minister. CSIR–National Chemical Laboratory (CSIR-NCL) was born with a singular national purpose—to harness science for industrial progress and societal well-being.

The inauguration itself was historic. Nobel Laureates and eminent scientists from across the world gathered in Pune's Pashan, affirming global faith in India's scientific aspirations. Sir Shanti Swarup Bhatnagar, the visionary behind CSIR, articulated a bold mandate for NCL: to bridge fundamental research with industrial application and ensure that scientific knowledge translated into human welfare.

The laboratory's first Director, Prof. J.W. McBain (FRS) from Stanford University, set the tone for excellence. In an often-quoted anecdote from the early years, it is recalled that what was once open land transformed within just three years into a fully functional research ecosystem—complete with laboratories, equipment, housing, and civic amenities.

प्रयोगशाला के प्रवेश द्वार पर अंकित उनके शब्द आज भी प्रासंगिक हैं:

"इस प्रयोगशाला का उद्देश्य ज्ञान का विकास करना और मानव कल्याण हेतु रसायन विज्ञान को प्रयोग में लाना है।"

अपने प्रारंभिक दशक के दौरान सीएसआईआर–एनसीएल ने औद्योगिक रूप से प्रासंगिक अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें कार्बनिक मध्यवर्ती, सिंथेटिक रंग, दवा मध्यवर्ती, आवश्यक तेल, कोटिंग्स, चिपकने वाले पदार्थ और इमल्शन विकसित करना इत्यादि शामिल थे और इनके वैज्ञानिक परिणाम नव स्वतंत्र राष्ट्र की जरूरतों के साथ निकटता से जुड़े हुए थे।

इस प्रयोगशाला की प्रतिष्ठा और भी बढ़ी और इसने स्वयं को रासायनिक अभियांत्रिकी, कार्बनिक रसायन विज्ञान, पॉलिमर विज्ञान और अभियांत्रिकी, सामग्री विज्ञान, उत्प्रेरक और जैव रासायनिक विज्ञान के क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया। दशकों के दौरान एनसीएल एक विश्वसनीय राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में विकसित हुआ – जिसने औद्योगिक नवाचार, सार्वजनिक स्वास्थ्य, राष्ट्रीय सुरक्षा, बौद्धिक संपदा निर्माण और वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग में योगदान दिया।

अपने प्रारंभिक मार्गदर्शकों की भावना को प्रतिध्वनित करते हुए सर सी.वी. रमन ने एनसीएल की स्थापना के समय टिप्पणी की थी:

"वैज्ञानिक कार्य करने के लिए केवल अच्छी प्रयोगशालाएँ ही पर्याप्त नहीं हैं; प्रयोगशालाओं में काम करने वाले व्यक्तियों की क्षमता ही मायने रखती है।"

पचहत्तर साल बाद भी यह विश्वास सीएसआईआर–एनसीएल का मूल सिद्धांत बना हुआ है, क्योंकि यह प्रयोगशाला प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उनका पोषण करने के लिए प्रयासरत है।

प्लेटिनम जयंती समारोह का समापन 20 फरवरी 2025 को सीएसआईआर–एनसीएल में आयोजित एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में हुआ, जिसमें वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों, पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों को विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में 75 वर्षों के योगदान का स्मरण करने के लिए एक साथ लाया गया।

समारोह की शुरुआत "इंटरफेस के अनावरण के साथ हुई, जो एक आकर्षक 3डी–प्रिंटेड दीवार मूर्तिकला है जो विज्ञान, इंजीनियरिंग और कला की भाषा को एक सम्मोहक दृश्य कथा में बदल देती है–जो सीएसआईआर–एनसीएल के बहुविषयक अनुसंधान लोकाचार का प्रतीक है।

His words, enshrined at the laboratory entrance, remain timeless:

"The purpose of this laboratory is to advance knowledge and to apply chemical science for the good of the people."

During its formative decade, CSIR-NCL focused on industrially relevant research, developing organic intermediates, synthetic dyes, drug intermediates, essential oils, coatings, adhesives, and emulsions- scientific outputs closely aligned with the needs of a newly independent nation.

The laboratory's stature grew further positioning it as a global force in chemical engineering, organic chemistry, polymer science and engineering, materials science, catalysis and biochemical sciences. Across decades, NCL evolved into a trusted national asset- contributing to industrial innovation, public health, national security, intellectual property creation, and global scientific collaboration.

Echoing the spirit of its early mentors, Sir C.V. Raman, at the time of NCL's inception, had remarked:

"Good laboratories alone are not sufficient to produce scientific work; it is the ability of the individuals who work in the laboratories that counts."

Seventy-five years later, this belief remains the defining principle of CSIR-NCL as the lab strives to attract and nurture talent.

The Platinum Jubilee celebrations culminated in a landmark event held on ^{20} February ^{2025} at CSIR-NCL, bringing together scientists, academicians, industry leaders, alumni, and well-wishers to commemorate ^{75} years of pioneering science and innovation.

The celebrations began with the unveiling of "Interfaces", an immersive ^{3}D-printed wall sculpture that translates the language of science, engineering, and art into a compelling visual narrative- symbolising the multidisciplinary research ethos of CSIR-NCL.

अपने संबोधन में सीएसआईआर–एनसीएल के निदेशक डॉ. आशीष लेले ने प्रयोगशाला की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया और विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी रोडमैप (2021–2030) की रूपरेखा बताई। उन्होंने भविष्य की वैज्ञानिक और सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक प्रमुख विषयगत अनुसंधान क्षेत्रों, उभरते अवसरों और रणनीतिक हस्तक्षेपों पर प्रकाश डाला।

In his address, Dr. Ashish Lele, Director, CSIR-NCL, presented the laboratory's achievements and outlined the Science, Innovation, and Technology Roadmap (2021–2030). He highlighted key thematic research areas, emerging opportunities, and strategic interventions required to address future scientific and societal challenges.

75वें स्थापना दिवस का भाषण पद्म भूषण डॉ. किरण मजूमदार–शॉ, चेयरपर्सन, बायोकॉन ग्रुप द्वारा दिया गया, जिन्होंने 1989 में सीएसआईआर–एनसीएल की अपनी पहली यात्रा को स्नेहपूर्वक याद किया और इसकी नवाचार की दीर्घकालिक संस्कृति को स्वीकार किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है जहां वह नई दवाओं, उन्नत स्वास्थ्य देखभाल समाधानों और गहन तकनीकी नवाचार में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने वैज्ञानिकों से उभरती प्रौद्योगिकियों और अंतर–अनुशासनात्मक सहयोग को अपनाने का आग्रह किया और वर्तमान दशक को स्वास्थ्य सेवा, जीव विज्ञान और चिकित्सा के लिए एक स्वर्ण युग के रूप में वर्णित किया।

The 75th Foundation Day Oration was delivered by Padma Bhushan Dr. Kiran Mazumdar-Shaw, Chairperson, Biocon Group, who fondly recalled her first visit to CSIR-NCL in 1989 and acknowledged its long-standing culture of innovation. She emphasized that India stands at a critical juncture where it can lead the world in new medicines, advanced healthcare solutions, and deep-tech innovation. Highlighting the transformative role of Artificial Intelligence and Quantum Computing, she urged scientists to embrace emerging technologies and cross-disciplinary collaboration, describing the current decade as a golden era for healthcare, biology, and medicine.

पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ. रघुनाथ माशेलकर, जो सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक हैं,ने सीएसआईआर–एनसीएल के व्यापक योगदानों पर प्रकाश डाला, जिनमें पांच मौलिक वैज्ञानिक सफलताओं से लेकर भोपाल गैस त्रासदी और महाराष्ट्र गैस क्रैकर कॉम्प्लेक्स जैसी जटिल औद्योगिक संकटों के प्रबंधन में इसकी भूमिका शामिल है। उन्होंने भारत के बौद्धिक संपदा अधिकार आंदोलन में प्रयोगशाला के नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता की सराहना करते हुए दोहराया कि परिवर्तनकारी प्रभाव बजट के आकार से नहीं, बल्कि विचारों की शक्ति से उत्पन्न होता है।

Padma Vibhushan Dr. Raghunath Mashelkar, Former Director General, CSIR, reflected on CSIR-NCL's far-reaching contributions- from five fundamental scientific breakthroughs to its role in managing complex industrial crises such as the Bhopal Gas Tragedy and the Maharashtra Gas Cracker Complex incident. He lauded the laboratory's leadership in India's intellectual property rights movement and its ability to compete globally, reiterating that transformative impact stems not from budgetary size but from the power of ideas.

इस समारोह का एक महत्वपूर्ण क्षण प्लेटिनम जयंती विशेष प्रकाशनों का विमोचन था, जिसमें सीएसआईआर–एनसीएल / 75 स्टोरीज कॉफी टेबल बुक, सीएसआईआर–एनसीएल परिसर में वनस्पति और जीव–जंतुओं का तीसरा संस्करण और एलोट्रोप्स का प्लेटिनम जयंती विशेष अंक शामिल हैं। गौरवशाली परंपरा को जारी रखते हुए एनसीएल रिसर्च फाउंडेशन पुरस्कार अनुसंधान, नवाचार और संस्थागत विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और उनकी टीमों को प्रदान किए गए।

A defining moment of the celebration was the release of Platinum Jubilee special publications, including the *CSIR-NCL @ 75 Stories* coffee table book, the third edition of *Flora and Fauna on CSIR-NCL Campus*, and the Platinum Jubilee Special Issue of *Allotropes*. Continuing a cherished tradition, the NCL Research Foundation Awards were presented to individuals and teams for outstanding contributions in research, innovation, and institutional development.

समारोह का समापन सीएसआईआर–एनसीएल अभिलेखागार और विज्ञान संग्रहालय के उद्घाटन के साथ हुआ, जो एक सुविचारित रूप से तैयार किया गया स्थान है जो भौतिक और डिजिटल कथाओं के माध्यम से इस प्रयोगशाला की विरासत भारत में रसायन विज्ञान की प्रारंभिक उत्पत्ति और स्वतंत्रता के साथ सीएसआईआर–एनसीएल की स्थापना से लेकर इसके वर्तमान अनुसंधान फोकस और भविष्य की आकांक्षाओं को दर्शाता है।

The celebrations concluded with the inauguration of the CSIR-NCL Archives and Science Museum, a thoughtfully curated space capturing the laboratory's legacy through physical and digital narratives—from the early origins of chemistry in India and the birth of CSIR-NCL alongside Independence, to its present research focus and future aspirations.

सीएसआईआर-राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला

७५वां स्थापना दिवस भाषण

CSIR-NATIONAL CHEMICAL LABORATORY

75TH FOUNDATION DAY SPEECH

सीएसआईआर-एनसीएल, निदेशक

CSIR-NCL, Director

डॉ.आशीष लेल

Dr. Ashish Lele

आप सभी को नमस्कार और शुभ दोपहर। आज के समारोह के लिए सम्मानित मुख्य अतिथि डॉ. किरण मजूमदार–शॉ, हमारे सबसे सम्मानित गुरु, मार्गदर्शक, मार्गदर्शक और दार्शनिक डॉ. आर. ए. माशेलकर, प्रतिष्ठित दिग्गजों की एक श्रृंखला जो आज व्यक्तिगत और ऑनलाइन दोनों तरह से हमारे साथ हैं, मेरे प्रिय सहयोगियों और छात्रों।

आज मुझे बहुत गर्व और खुशी हो रही है कि मैं आज सीएसआईआर–राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला का 75वां स्थापना दिवस मनाने के लिए आपके सामने खड़ा हूं। यह प्लैटिनम जुबली मील का पत्थर न केवल समय बीतने का प्रतीक है, बल्कि नवाचार, खोज और उत्कृष्टता की एक असाधारण यात्रा भी है जो हमने एक साथ शुरू की है।

पचहत्तर साल पहले एक नए भारत की सुबह में जन्मे सीएसआईआर–एनसीएल को 3 जनवरी 1950 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इसकी स्थापना एक साहसिक दृष्टिकोण के साथ की गई थी ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने, वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और समाज की उन्नति में सार्थक योगदान देने के लिए। दशकों से हमने न केवल इस दृष्टिकोण को बरकरार रखा है बल्कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नई सीमाओं को अपनाते हुए अपनी पहुंच का विस्तार भी किया है।

सीएसआईआर–एनसीएल के अनुसंधान और विकास प्रयासों ने भारत को वैश्विक रासायनिक उद्योग मानचित्र पर लाने, आत्मनिर्भरता बढ़ाने, नई क्षमताओं को बढ़ावा देने और भारतीय रासायनिक क्षेत्र को उन्नत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

Namaskaar and a very good afternoon to each and every one you. Esteemed Chief Guest for today's function Dr Kiran Mazumdar-Shaw, our most respected guru, mentor, guide and philosopher Dr R A Mashelkar, a galaxy of distinguished luminaries who are with us today both, in-person and on-line, my dear colleagues and students.

It is with immense pride and great joy that I stand before you today to celebrate the 75th Foundation Day of the CSIR-National Chemical Laboratory. This Platinum Jubilee milestone marks not just the passage of time but also an extraordinary journey of innovation, discovery, and excellence that we have undertaken together.

Seventy-five years ago, born at the dawn of a new India, CSIR-NCL was dedicated to the nation on the 3rd of January 1950. It was established with a bold vision-to push the boundaries of knowledge, foster scientific excellence, and contribute meaningfully to the advancement of society. Over the decades, we have not only upheld this vision but have also expanded our reach, embracing new frontiers in science and technology.

CSIR-NCL's research and development efforts have played a crucial role in putting India on the global chemical industry map, increasing self-reliance, instigating newer capabilities and upskilling the Indian Chemical sector.

एनसीएल हमेशा मौलिक विज्ञान में अग्रणी अनुसंधान में सबसे आगे रहा है और समय–समय पर इसे सार्थक प्रौद्योगिकी में निर्बाध रूप से अनुवादित किया है। हमारे काम का प्रभाव अकादमिक उपलब्धियों तक ही सीमित नहीं है इसने जीवन को बदल दिया है, उद्योगों को आकार दिया है और महत्वपूर्ण सामाजिक और रणनीतिक चुनौतियों का समाधान किया है।

हमने इस गौरवशाली यात्रा को "अभिलेखागार और विज्ञान संग्रहालय" में भौतिक और डिजिटल दोनों प्रारूपों में कैद करने का एक गंभीर प्रयास किया है, जिसका आज उद्घाटन किया जाएगा। मैं आप सभी से इस गैलरी देखने और पुरानी यादों का आनंद लेने का आग्रह करता हूं।

मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि आज की सीएसआईआर–एनसीएल टीम प्रयोगशाला की समृद्ध विरासत पर काम कर रही है। हम उन प्रमुख चुनौतियों से अवगत हैं जिनका सामना दुनिया कर रही है, जिसमें जलवायु परिवर्तन, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना और टिकाऊ, समावेशी और न्यायसंगत विकास सुनिश्चित करना शामिल है।

इसे देखते हुए हमने अपनी शक्ति के आधार पर एक विषयगत रोडमैप परिभाषित किया है। हम तीव्र फोकस और अंतर–अनुशासनात्मक दृष्टिकोण के साथ स्वच्छ ऊर्जा, सी-1 रसायन विज्ञान, प्रक्रिया गहनता, बायोमैन्युफैक्चरिंग, सर्कुलर इकोनॉमी और कृषि–तकनीक डोमेन में अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं।

मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इन क्षेत्रों में हमारे निरंतर काम के परिणामस्वरूप कुछ रोमांचक वैज्ञानिक सफलताएँ मिली हैं, साथ ही दुनिया की पहली प्रौद्योगिकियों का विकास भी हुआ है। मैं हमारी सफलता की कहानियों के उन कुछ दिलचस्प उदाहरणों का उल्लेख करना चाहूंगा जो कैलेंडर वर्ष 2024 में सामने आए हैं।

इस वर्ष हमने 400 से अधिक वैज्ञानिक पत्र प्रकाशित किए, जिनमें से 10: से अधिक नेचर कम्युनिकेशंस, पीएनएएस, एंजवेन्टे केमी और अन्य प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में हैं।

हमने भारत में 48 पेटेंट, 36 पीसीटी और 45 विदेशी आवेदन प्रस्तुत किए। स्वच्छ ऊर्जा थीम में हमारे प्रयासों ने भारत के पहले हाइड्रोजन ईंधन–सेल संचालित कैटामरन के विकास में योगदान दिया, जिसे पिछले वर्ष माननीय प्रधान मंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। हमने आईपी संरक्षित मेथनॉल से डीएमई प्रौद्योगिकी के प्रदर्शन और उचित जांच को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

हेल्थकेयर थीम के अंतर्गत मुझे एनसीएल की नवीन प्रौद्योगिकी पर आधारित पेरासिटामोल के लिए दुनिया के पहले 2500 टीपीए

NCL has always been at the forefront of path-breaking research in fundamental sciences, and has time and again seamlessly translated it into meaningful technology. The impact of our work extends beyond academic achievements-it has transformed lives, shaped industries, and addressed critical societal and strategic challenges.

We have made an earnest attempt to capture this glorious journey into both physical and digital formats in the "Archives & Science Museum" that will be inaugurated later today. I urge all of you to visit the gallery and enjoy the nostalgia.

I am proud to say that today's CSIR-NCL team is building on the rich legacy of the laboratory. We are cognizant of the major challenges that the world is facing, including climate change, assuring affordable and accessible healthcare, and ensuring sustainable, inclusive and equitable growth.

In view of this, we have defined a thematic roadmap based on our strengths. We are relentlessly pursuing R&D programs in clean energy, C1 chemistry, process intensification, biomanufacturing, circular economy and agri-tech domains with sharp focus and inter-disciplinary approach.

I am happy to say that our sustained work in these areas have resulted in some exciting scientific breakthroughs, as well as development of first-to-the-world technologies. I would like to mention a few interesting examples of our success stories that have emerged in the calendar year 2024.

This year, we published over 400 scientific papers, more than 10% of which are in prestigious journals such as Nature Communications, PNAS, Angewandte Chemie and more.

We filed 48 patents in India, 36 PCT and 45 foreign applications. In the Clean Energy theme, our efforts contributed to the development of India's first hydrogen fuel-cell powered catamaran, which was launched by the Hon'ble Prime Minister last year. We also successfully completed the demonstration and due diligence of our IP protected methanol to DME technology.

User Support: Library provides Inter Library Loan facilities, Document Delivery services, Reference services, to users for the documents which are not available/subscribed in CSIR-NCL library. During the year 1031 journal articles, 68 Indian/International standards, 14 theses, 82 e-books, 14 reports and 46 patents provided to users on ILL requests. Apart from the above Library also provided translation services for translation of patents, standards and articles from various languages such as German, Russian, French, Japanese, and Chinese to English language. Library provided Web based current awareness services & Selective dissemination of information services to scientific community of CSIR-NCL.

CSIR-NCL Publications: The publications database was updated with 431 new entries, bringing the total to over 9452.

आयोजित कार्यक्रम :
पुस्तकालय ने वर्ष में नीचे उल्लिखित प्रशिक्षण / तकनीकी सत्र और पुस्तक समीक्षा वार्ता का आयोजन किया ।

- दिनांक 23 फरवरी, 2024 को ऑर्बिट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म पर पेटेंट खोज के लिए प्रशिक्षण सत्र
- सुश्री राजलक्ष्मी बालासुब्रमण्यन द्वारा Napoleon's Buttons: How 17 Molecules Changed History" शीर्षक पुस्तक पर पुस्तक पर पुस्तक समीक्षा वार्ता।
- दिनांक 4 अक्टूबर, 2024 को डॉ. राजेश गोन्नाड़े द्वारा जॉर्जिना फेरी की पुस्तक "Dorothy Hodgkin : A Life" By Georgina Ferry" नामक शीर्षक पुस्तक पर समीक्षा सत्र

Events Organized:
The library hosted below mentioned training / technical sessions and book review talks in the year.

- Training Session on the Orbit Intelligence platform for Patent Searching February 23, 2024
- Book Review Talk: by Ms. Rajalakshmi Balasubramanian on Book Titled - "Napoleon's Buttons: How 17 Molecules Changed History"
- Book review session by Dr Rajesh Gonnade on October 4, 2024, Book Title : "Dorothy Hodgkin : A Life" By Georgina Ferry"

राष्ट्रीय औद्योगिक सूक्ष्मजीव संग्रह (NCIM) एक राष्ट्रीय सुविधा और संग्रह है, जो भारत में उद्योगों और शिक्षा जगत के लिए प्रामाणिक और औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीव प्रजातियों के पृथक्करण, संरक्षण और वितरण के लिए समर्पित है। एनसीआईएम संग्रह में वर्तमान में लगभग 5,000 वस्तुएं शामिल हैं, जिनमें बैक्टीरिया, कवक, एक्टिनोमाइसेट्स, यीस्ट और शैवाल शामिल हैं। इसकी अतिरिक्त सेवाओं में जीनोटाइपिक और फेनोटाइपिक विधियों द्वारा सूक्ष्मजीवों की पहचान साथ ही लाइओफिलाइजेशन के माध्यम से दीर्घकालिक संरक्षण शामिल है।

रिपोर्टिंग अवधि में एनसीआईएम ने लगभग 11,000 कल्चर की आपूर्ति की और लगभग 350 स्ट्रेन की पहचान की । इन गतिविधियों के माध्यम से इसने महत्वपूर्ण बाह्य नकदी प्रवाह उत्पन्न किया है तथा औद्योगिक और शैक्षणिक क्षेत्रों से 670 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। अपने जैव संसाधनों की विविधता और गुणवत्ता प्रबंधन के कारण एनसीआईएम विज्ञान, दवा प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय संदर्भ केंद्रों और औद्योगिक साझेदारों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त आपूर्तिकर्ता है। एनसीआईएम विश्व संस्कृति संग्रह महासंघ (डब्ल्यूएफसीसी) का एक संबद्ध सदस्य भी है।

The **National Collection of Industrial Microorganisms** (NCIM) is a national facility and repository dedicated to the isolation, preservation, and distribution of authentic and industrially important microbial strains to industries and academia in India. The NCIM collection currently comprises nearly 5,000 items, including bacteria, fungi, actinomycetes, yeasts, and algae. Its additional services include microbial identification by genotypic and phenotypic methods, as well as long-term preservation through lyophilization.

In the reporting period, NCIM supplied nearly 11,000 cultures and identified around 350 strains. Through these activities, it has generated significant external cash flow, earning revenue of ₹670 lakhs from industrial and academic sectors. The diversity and quality management of its bioresources make NCIM an internationally recognized supplier for science, pharmaceutical laboratories, national reference centers, and industrial partners. NCIM is also an affiliate member of the World Federation of Culture Collections (WFCC).

प्रौद्योगिकी प्रबंधन समूह (TMG) सीएसआईआर–एनसीएल और बाहरी साझेदारों जैसे उद्योगों, स्टार्ट–अप्स, व्यक्तिगत नवप्रवर्तकों, सरकारी मंत्रालयों, गैर सरकारी संगठनों और अन्य के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करता है। सीएसआईआर–एनसीएल लगातार ऐसे साझेदारों की तलाश में है जिनके हित एक दूसरे से मिलते हों और जो ग्राहकों तक शीघ्र पहुंचने में मदद कर सकें। TMG इन साझेदारियों का सक्रिय रूप से प्रबंधन करता है और समाज को मूल्य प्रदान करने के लिए साझेदारों के साथ कार्य करता है।

व्यवसाय विकास के एक भाग के रूप में TMG नवीनतम उद्योग अंतर्दृष्टि और बाजार के रुझानों की व्याख्या करता है और संस्थान की वैज्ञानिक विशेषज्ञता को उपयुक्त औद्योगिक ग्राहकों के समक्ष विपणन रणनीतियों जैसे कि फ्लायर्स और अन्य प्रचार सामग्री के माध्यम से प्रस्तुत करता है। उद्योग के सहभागिता के संदर्भ में यह समूह व्यापारिक संभावनाओं का उपयोग करने के लिए साझेदारों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखता है, उद्योगों की आवश्यकताओं को समझने और अनुकूलित प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने के लिए उनका दौरा करता है तथा विकसित प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए संभावित ग्राहकों को संस्थान में आने की सुविधा प्रदान करता है।

अनुबंध प्रबंधन में TMG प्रत्येक जांच के लिए उपयुक्त वैज्ञानिक विशेषज्ञता का चयन करने में त्वरित प्रतिक्रिया और शीघ्र निर्णय लेने को सुनिश्चित करता है। यह मामले–विशिष्ट व्यवसायिक मॉडल की पहचान करता है, परियोजना लागत और वित्तीय अनुमान लगाता है तथा विभिन्न मॉडलों में अनुबंध की संरचना और अनुबंध प्रारूपण का कार्य संभालता है। यह ग्राहकों के साथ समझौता वार्ता का प्रबंधन भी करता है, अनुबंधों को अंतिम रूप देता है तथा ग्राहक दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित करता है।

अनुसंधान एवं विकास प्रबंधन के संबंध में TMG सीएसआईआर मुख्यालय के माध्यम से विदेशी ग्राहकों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं के लिए संवेदनशीलता और सुरक्षा मंजूरी पर दस्तावेजों को संसाधित करता है। यह सीएसआईआर मुख्यालय को तिमाही और वार्षिक आधार पर अनुसंधान एवं विकास उपलब्धियों की रिपोर्ट देता है और सीएसआईआर–एनसीएल की वार्षिक रिपोर्ट में योगदान देता है। इसके अतिरिक्त यह मध्यस्थता मामलों, वैज्ञानिक सूचना के अधिकार (RTI) प्रश्नों और औद्योगिक परियोजनाओं से संबंधित लेखापरीक्षा जांच का भी उत्तर देता है।

नवाचार प्रबंधन के क्षेत्र में TMG पेटेंटों का तकनीकी–व्यावसायिक मूल्यांकन करता है, लाइसेंस योग्य प्रौद्योगिकियों के लिए संभावित बाजारों का मूल्यांकन करता है तथा आंतरिक अनुसंधान से उभरने वाले स्टार्ट–अप को बढ़ावा देता है।

The Technology Management Group (TMG) acts as a bridge between CSIR-NCL and external stakeholders such as industries, start-ups, individual innovators, government ministries, NGOs, and others. CSIR-NCL is constantly seeking partners whose interests overlap and who can help quickly reach customers. TMG actively manages these partnerships and works with stakeholders to provide value to society.

As part of business development, TMG interprets the latest industry insights and market trends and projects the institute's scientific expertise to suitable industrial clients through marketing strategies such as flyers and other promotional material. In terms of industry interactions, the group maintains close engagement with partners to harness business potential, undertakes visits to industries to understand their requirements and offer customized technology solutions, and facilitates prospective client visits to the institute to showcase developed technologies.

In contract management, TMG ensures swift responses and prompt decision-making in selecting the appropriate scientific expertise for each inquiry. It identifies case-specific business models, undertakes project costing and financial estimates, and handles deal structuring and contract drafting across various models. It also manages negotiations with clients, finalizes contracts, and ensures compliance with client obligations.

With respect to R&D management, TMG processes documents on sensitivity and security clearance for projects funded by overseas clients through CSIR headquarters. It reports R&D achievements quarterly and annually to CSIR headquarters and contributes to CSIR-NCL's annual report. Additionally, it responds to arbitration cases, scientific RTI queries, and audit enquiries relating to industrial projects.

In the area of innovation management, TMG conducts techno-commercial assessments of patents, evaluates markets for potentially licensable technologies, and promotes start-ups emerging from in-house research.

TMG सीएसआईआर–एनसीएल के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर कार्य करते हुए प्रत्येक तकनीक को गहराई से समझने और उपयुक्त उद्योग साझेदारों की पहचान करने का प्रयास करता है, जिससे उन्हें बाजार के हिसाब से तैयार उत्पादों और सेवाओं में सफलतापूर्वक परिवर्तित किया जा सके । 2024–25 के दौरान टीएमजी ने 290 से अधिक ग्राहकों और साझेदारों के साथ कार्य किया और 116 समझौतों को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। इनमें लाइसेंसिंग और विकल्प समझौते, प्रायोजित अनुसंधान समझौते, परामर्श और तकनीकी सेवा समझौते, अनुदान सहायता समझौते और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अनुबंध जैसे लेन–देन संबंधी समझौते, साथ ही NDAs , MTAs, और MoUs- जैसे गैर–लेन–देन संबंधी समझौते शामिल थे। इन प्रयासों के माध्यम से TMG ने सीएसआईआर–एनसीएल प्रौद्योगिकियों के जोखिम–मुक्तीकरण और व्यावसायीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

Working closely with CSIR-NCL scientists, TMG strives to understand each technology in depth and identify suitable industry partners, enabling successful translation into market-ready products and services. During 2024–25, TMG engaged with over 290 clients and partners and successfully executed 116 agreements. These included transactional agreements such as licensing and option agreements, sponsored research agreements, consulting and technical services agreements, grant-in-aid agreements, and corporate social responsibility engagements, as well as non-transactional agreements like NDAs, MTAs, and MoUs. Through these efforts, TMG has significantly contributed to the de-risking and commercialization of CSIR-NCL technologies.

बौद्धिक संपदा समूह (आईपीजी) ने व्यापक आउटरीच, क्षमता निर्माण और रणनीतिक प्रतिबद्धताओं के माध्यम से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

Intellectual Property Group राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन (NIPAM 2.0), के अंतर्गत एनसीएल–आईपीजी ने पूरे भारत में 113 आईपी जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए। इन कार्यक्रमों ने सभी भारतीय राज्यों में व्यापक भौगोलिक कवरेज हासिल की और टियर–2 और टियर–3 शहरों के साथ–साथ लेह–लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप जैसे दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंच बनाई। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ कई कार्यक्रम होस्ट किए गए, जिससे इस पहल की वैश्विक पहुंच का विस्तार हुआ । सामूहिक रूप से इन प्रयासों से 10,000 से अधिक प्रतिभागियों को लाभ हुआ, जिनमें 12 आईआईटी, 5 एनआईटी, 3 आईआईएसईआर और 15 स्कूलों जैसे प्रमुख संस्थानों के छात्र और शोधकर्ता शामिल थे।

आईपीजी ने 30 अगस्त, 2024 को संयुक्त रूप से "जैव प्रौद्योगिकी और जैव चिकित्सा क्षेत्रों से अविष्कारों के पेटेंट" पर एक गोलमेज चर्चा का आयोजन करके नीति और अभ्यास–उन्मुख संवाद में भी योगदान दिया। यह कार्यक्रम पेटेंट, डिजाइन और ट्रेड मार्क्स महानियंत्रक कार्यालय (सीजीपीडीटीएम) और डेनिश पेटेंट कार्यालय (DKPTO) के सहयोग से आयोजित किया गया था। गोलमेज सम्मेलन ने बायोटेक और बायोमेडिकल पेटेंटिंग में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं, चुनौतियों और उभरते अवसरों पर गहन चर्चा की सुविधा प्रदान की।

आईपीजी ने 1 दिसंबर, 2024 को आईआईटी गुवाहाटी में आयोजित 10वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ 2024) के दौरान 'मिशन स्टार्ट–अप' कार्यक्रम के तहत 'भारत से सफलता की कहानियां' नामक शीर्षक सत्र का आयोजन करके राष्ट्रीय स्तर पर भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित किया। इस सत्र में प्रभावशाली भारतीय नवाचारों पर प्रकाश डाला और प्रौद्योगिकी–संचालित उद्यमिता को बढ़ावा देने में बौद्धिक संपदा के महत्व को बताया गया ।

सीएसआईआर–एनसीएल को आईपी निर्माण और प्रबंधन में अपने नेतृत्व की पुष्टि करते हुए "सर्वश्रेष्ठ आईपी पोर्टफोलियो के साथ अनुसंधान एवं विकास संगठन" के रूप में 10वें सीआईआई आईपी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। परिणाम स्वरूप वर्ष में 85 आविष्कार प्रकाशन, 62 भारतीय पेटेंट फाइलिंग, 40 पीसीटी आवेदन और 32 यूएस फाइलिंग दर्ज की गईं। इसके अलावा इस अवधि के दौरान 14 भारतीय पेटेंट और 27 विदेशी पेटेंट प्रदान किए गए, जो नवाचार–आधारित अनुसंधान और मजबूत आईपी सुरक्षा के प्रति एनसीएल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

Intellectual Property Group (IPG) has played a significant role in strengthening the national intellectual property ecosystem through extensive outreach, capacity building, and strategic engagements.

Under the National Intellectual Property Awareness Mission (NIPAM 2.0), the NCL-IPG successfully conducted 113 IP awareness programs across India. These programs achieved comprehensive geographical coverage, spanning all Indian states and reaching Tier-2 and Tier-3 cities as well as remote regions such as Leh–Ladakh, the Andaman & Nicobar Islands, and Lakshadweep. In addition, several programs were co-hosted with international universities, thereby extending the initiative's global outreach. Collectively, these efforts benefited more than 10,000 participants, including students and researchers from premier institutions such as 12 IITs, 5 NITs, 3 IISERs, and 15 schools.

IPG also contributed to policy and practice-oriented dialogue by jointly organizing a roundtable discussion on “Patenting of Inventions from Biotechnology and Biomedical Fields” on August 30, 2024. The event was held in collaboration with the Office of the Controller General of Patents, Designs and Trade Marks (CGPDTM) and the Danish Patent Office (DKPTO). The roundtable facilitated in-depth discussions on global best practices, challenges, and emerging opportunities in biotech and biomedical patenting.

IPG further showcased India's innovation ecosystem at the national level by hosting a session titled “Success Stories from Bharat” under the 'Mission Start-up' program during the 10th India International Science Festival (IISF 2024), held at IIT Guwahati on December 1, 2024. The session highlighted impactful Indian innovations and underscored the importance of intellectual property in fostering technology-driven entrepreneurship.

CSIR–NCL was conferred the 10th CII IP Award as the “R&D Organisation with the Best IP Portfolio,” reaffirming its leadership in IP creation and management. Quantitatively, the year recorded 85 invention disclosures, 62 Indian patent filings, 40 PCT applications, and 32 US filings. Further, 14 Indian patents and 27 foreign patents were granted during the period, reflecting NCL's continued commitment to innovation-led research and robust IP protection.

विज्ञान आउटरीच संसाधन केंद्र
SCIENCE OUTREACH RESOURCE CENTER

विज्ञान आउटरीच संसाधन केंद्र ने 13 आउटरीच कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें केन्द्रीय विद्यालयों (KVS), नवोदय विद्यालयों (NVS) राज्य सरकार के स्कूलों और निजी संस्थानों सहित विभिन्न शैक्षिक पृष्ठभूमि के स्कूली छात्रों और शिक्षकों के एक समूह को शामिल किया गया।

इन गतिविधियों ने सामूहिक रूप से 1100 से ज़्यादा छात्रों और शिक्षकों को लाभान्वित किया, जिससे व्यावहारिक शिक्षण, विशेषज्ञ वार्ताओं और प्रयोगशाला भ्रमण के माध्यम से विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ी और जिज्ञासा को बढ़ावा मिला। कुछ उल्लेखनीय मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं :

- 18 अप्रैल 2024 को कैथेड्रल एंड जॉन कॉनन स्कूल, मुंबई के ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों का एक दिवसीय दौरा, जिसमें 27 छात्रों और 3 शिक्षकों को सीएसआईआर–एनसीएल में अत्याधुनिक अनुसंधान से परिचित कराया गया।
- मुक्तांगन अन्वेषण विज्ञान केंद्र के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय व्यावहारिक मार्गदर्शन कार्यशाला (10–11 जून 2024) में कक्षा आठवीं से दसवीं तक के 26 विज्ञान और गणित शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।
- भारत के हरित भविष्य के लिए हरित हाइड्रोजन पर एक सप्ताह एक थीम कार्यक्रम (24 जून 2024), जहां 203 छात्रों और 13 शिक्षकों ने स्थायी ऊर्जा विषयों की खोज की।
- KAMP के सहयोग से एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला (3 जुलाई 2024), जिसमें 137 शिक्षकों और प्रशासकों ने भाग लिया।
- प्लैटिनम जुबली नैनो जथा (21 फरवरी 2025) और आईआईएसएफ कर्टेन रेजर इवेंट – भाग I (18 नवंबर 2024) में 300 से अधिक उत्साही छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया, जिससे उन्हें नीति–संरेखित नवाचारों और नैनो विज्ञान प्रदर्शनों का समृद्ध अनुभव प्राप्त हुआ।

The Science Outreach Resource Centre successfully organized 13 outreach programs, engaging a diverse group of school students and teachers from across educational backgrounds, including Kendriya Vidyalayas (KVS), Navodaya Vidyalayas (NVS), State government schools, and private institutions.

These activities collectively reached more than 1100 **students and teachers**, enhancing science awareness and fostering curiosity through hands-on learning, expert talks, and lab visits. Some notable highlights include:

The **One Day Visit** by XI-grade students from Cathedral & John Connon School, Mumbai, on 18 April 2024, which introduced 27 students and 3 teachers to cutting-edge research at CSIR-NCL.

A **Two-Day Hands-on Mentoring Workshop** (10–11 June 2024), conducted in collaboration with Muktangan Exploratory Science Centre, trained 26 Science and Mathematics teachers from grades VIII–X.

The **One Week One Theme event** on **Green Hydrogen for India's Green Future** (24 June 2024), where 203 students and 13 teachers explored sustainable energy topics.

A **One Day Teachers' Training Workshop** in collaboration with KAMP (3 July 2024), attended by 137 educators and administrators.

The **Platinum Jubilee Nano Jatha** (21 February 2025) and **IISF Curtain Raiser Event – Part I** (18 November 2024) drew over 300 enthusiastic students and educators combined, offering rich exposure to policy-aligned innovations and nanoscience demonstrations.

सीएसआईआर–आईजीआईबी के सहयोग से आयोजित "फाइंड माय डीएनए" हैंड्स–ऑन एक्टिविटी (20 दिसंबर 2024) का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए, जिसने 9वीं कक्षा के छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से जीनोमिक्स का पता लगाने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान किया।

इस प्रभाग ने एक इंटरएक्टिव विज्ञान आउटरीच वेबसाइट – https://science&outreach-ncl-res-in – भी लॉन्च की, जिसमें व्यापक सार्वजनिक जुड़ाव के लिए गतिविधियों, अवसरों और विज्ञान वीडियो का प्रदर्शन किया गया।

सीएसआईआर–एनसीएल की नवीन तकनीकों जैसे DME उत्पादन और कोविड–अपशिष्ट पुनर्चक्रण को कवर करने वाले ये वीडियो वंचित और गैर–अंग्रेजी भाषी दर्शकों तक पहुंचने के लिए हिंदी, मराठी, मलयालम और तमिल सहित क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध हैं।

इस वर्ष के समेकित प्रयासों के माध्यम से सीएसआईआर–एनसीएल ने सीएसआईआर जिज्ञासा कार्यक्रम – विज्ञान को समाज से जोड़ने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया। केंद्र का यह उपक्रम युवा मत को प्रेरित करने, शिक्षकों को सशक्त बनाने और पूरे भारत में वास्तविक दुनिया की वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए जारी है।

Special mention goes to the “Find My DNA” Hands-on Activity (20 December 2024), held in collaboration with CSIR-IGIB, which offered IX-grade students a rare opportunity to explore genomics through experiential learning.

The division also launched an interactive Science Outreach Website – https://science-outreach.ncl.res.in – showcasing activities, opportunities, and science videos for wider public engagement. These videos, covering CSIR-NCL's novel technologies like DME production and COVID-waste recycling, are available in regional languages including Hindi, Marathi, Malayalam, and Tamil, to reach underserved and non-English-speaking audiences.

Through this year's concerted outreach efforts, CSIR-NCL strengthened its commitment to the CSIR Jigyasa program – connecting science with society. The center's initiatives continue to inspire young minds, empower educators, and promote real-world scientific thinking across India.

OUTREACH PROGRAM

सीएसआईआर-एनसीएल अभिलेखागार और विज्ञान संग्रहालय

एक कालातीत प्रेरणा /A Timeless Inspiration

अभिलेखागार और विज्ञान संग्रहालय सीएसआईआर–एनसीएल की उत्कृष्टता और प्रासंगिकता की विरासत का प्रतीक है। यह रासायनिक और संबद्ध विज्ञान में प्रयोगशाला की उपलब्धियों और मजबूत उद्योग भागीदारी के माध्यम से अनुसंधान को नवीन, विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और टिकाऊ प्रौद्योगिकियों में रूपांतरण करके भारत के रासायनिक क्षेत्र में इसके प्रभावशाली योगदान पर प्रकाश डालता है।

The Archives and Science Museum embodies CSIR-NCL's legacy of excellence and relevance. It highlights the laboratory's achievements in chemical and allied sciences and its impactful contributions to India's chemical sector by translating research into innovative, globally competitive, and sustainable technologies through strong industry partnerships.

म्यूजियम का परिचयात्मक म्यूरल /The introductory mural of the Museum

यह प्रमुख परियोजना एक वर्ष से अधिक समय में विकसित हुई, जो कि प्लैटिनम जुबली समारोह के दौरान सीएसआईआर–एनसीएल की जीवंत विरासत को प्रदर्शित करने की इच्छा से प्रेरित थी। वैज्ञानिकों, उद्यमियों, छात्रों और आम जनता को शामिल करने के लिए बनाए गए अभिलेखागार और विज्ञान संग्रहालय का उद्देश्य समावेशी और प्रेरणादायक दोनों ही है। संस्कृति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद के नेहरू विज्ञान केंद्र ने इस पहल पर सीएसआईआर–एनसीएल के साथ मिलकर सहयोग किया। सीएसआईआर–एनसीएल लाइब्रेरी ने भारतीय फिल्म अभिलेखागार (पुणे), भारतीय राष्ट्रीय

This major project, evolved over more than a year, was inspired by the desire to showcase CSIR-NCL's living legacy during its platinum jubilee celebration. Curated to engage scientists, entrepreneurs, students, and the general public, the archives and science museum aims to be both inclusive and inspiring. The Nehru Science Centre of the National Council of Science Museums, under the Ministry of Culture, collaborated closely with CSIR-NCL on this initiative. The CSIR-NCL Library hosted and led the project, with additional resources sourced

सीएसआईआर-एनसीएल अभिलेखागार और विज्ञान संग्रहालय
CSIR-NCL ARCHIVES AND SCIENCE MUSEUM

एक कालातीत प्रेरणा /A Timeless Inspiration

अभिलेखागार (नई दिल्ली), डेक्कन कॉलेज (पुणे), सीएसआईआर–केंद्रीय काँच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान (कोलकाता), सीएसआईआर–राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान (नई दिल्ली), विभिन्न समाचार पत्र अभिलेखागार और सीएसआईआर–एनसीएल के पूर्व छात्रों के मौखिक इतिहास से प्राप्त अतिरिक्त संसाधनों के साथ इस परियोजना का आयोजन और नेतृत्व किया। इस परियोजना का उद्देश्य प्रयोगशाला की विरासत को संरक्षित करके और वैज्ञानिक ज्ञान के व्यापक प्रसार के लिए एक केंद्र बनाकर भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक केंद्रीय सूचना संसाधन बनाना है। संग्रहालय का उद्घाटन 20 फरवरी 2025 को प्रयोगशाला के प्लैटिनम जयंती समारोह के अवसर पर डॉ. किरण मजूमदार–शॉ, बायोकॉन लिमिटेड और बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड की कार्यकारी अध्यक्ष और संस्थापक द्वारा किया गया था।

यह संग्रहालय सीएसआईआर–एनसीएल में पांच प्रमुख अनुसंधान क्षेत्रों को दर्शाने वाले एक म्यूरल के साथ खुलता है: रसायन विज्ञान, उत्प्रेरक, रासायनिक इंजीनियरिंग, सामग्री विज्ञान (पॉलिमर सहित) और जैव रासायनिक विज्ञान – जो औद्योगिक पायलट संयंत्रों और रिएक्टर डिजाइनों के बैकग्राउंड में सेट हैं। इसमें तीन गैलरी – प्राचीन भारतीय रसायन विज्ञान, हमारी विरासत और सीएसआईआर–एनसीएल रोडमैप है । प्राचीन भारतीय रसायन विज्ञान एक शैक्षिक स्थान के रूप में कार्य करता है जो प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणालियों जैसे कीमिया, इत्र और धातु विज्ञान की खोज करता है, जिसने आधुनिक रसायन विज्ञान के लिए आधार तैयार किया गया । इसके मुख्य आकर्षण में नागार्जुन की रासायनिक प्रयोगशाला से प्रेरित रसशाला डायोरमा ; इंत्र निर्माण के लिए पारंपरिक डिस्टिलेशन सेटअप के मॉडल; लौह अयस्क और स्लैग की पुरातात्विक कलाकृतियाँ (मेगालिथिक, लगभग 1000 ईसा पूर्व, नागपुर); एक जिंक गलाने वाली भट्टी का मॉडल और राजस्थान के जावर से जिंक के मूल रिटॉर्ट शामिल हैं। गैलरी में सातवाहन और कर्दमका राजवंशों के प्राचीन पंच–चिह्नित सिक्के भी प्रदर्शित हैं, जो विभिन्न धातु मिश्र धातुओं की ढलाई तकनीकों का प्रदर्शन करते हैं। तीन भाषाओं में विवरण के साथ विभिन्न यंत्र प्रस्तुत करने वाला एक इंटरैक्टिव मल्टीमीडिया कियोस्क भी प्रदर्शित किया गया है।

from the Film Archives of India (Pune), National Archives of India (New Delhi), Deccan College (Pune), CSIR-Central Glass & Ceramic Research Institute (Kolkata), CSIR-National Institute for Science Communication and Policy Research (New Delhi), various newspaper archives, and oral histories of CSIR-NCL alumni. The project's mission is to create a central information resource for future generations by preserving the lab's heritage and a hub for broadly disseminating scientific knowledge. The museum was inaugurated on 20 February 2025 by Dr. Kiran Mazumdar-Shaw, Executive Chairperson and Founder of Biocon Ltd. and Biocon Biologics Ltd., as part of the laboratory's platinum jubilee celebrations.

The Museum opens with a mural depicting five core research areas at CSIR-NCL: chemistry, catalysis, chemical engineering, materials science (including polymers), and biochemical sciences—set against industrial pilot plants and reactor designs. It features three galleries: Ancient Indian Chemistry, Our Heritage, and the CSIR-NCL Roadmap. Ancient Indian Chemistry serves as an educational space exploring ancient Indian knowledge systems such as alchemy, perfumery, and metallurgy, which laid the groundwork for modern chemistry. Highlights include the Rasashala diorama inspired by Nagarjuna's chemical lab; models of traditional distillation setups for perfumes; archaeological artifacts of iron ore and slag (Megalithic, circa 1000 BCE, Nagpur); a zinc smelting furnace model; and original retorts of zinc from Zawar, Rajasthan. The gallery also displays ancient punch-marked coins from the Satavahana and Kardamaka dynasties, demonstrating minting techniques of different metal alloys. An interactive multimedia kiosk presenting various yantras with descriptions in three languages is also featured.

संग्रहालय के अंदर / Inside the Museum

दूसरी गैलरी हमारी विरासत, भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी जड़ों से लेकर सात दशकों के विकास के माध्यम से सीएसआईआर–एनसीएल के विकास को दर्शाती है। इसकी शुरुआत वैज्ञानिक सलाह बोर्ड (1902) से होती है, जो भारतीय औद्योगिक आयोग (1916), औद्योगिक खुफिया और अनुसंधान ब्यूरो (1935), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान बोर्ड (1940), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (1942) जैसे प्रमुख मील के पत्थर के माध्यम से आगे बढ़ती है और 1950 में सीएसआईआर–एनसीएल की स्थापना के साथ समाप्त होती है। सीएसआईआर–एनसीएल की 1950 से 2000 के दशक तक की डॉक्यूमेंट्री फिल्में मल्टीमीडिया स्क्रीन पर चलाई जाती हैं। यह गैलरी बुनियादी विज्ञान को रणनीतिक नवाचारों में बदलने के लिए प्रयोगशाला के बहु–विषयक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालती है, जिसमें MiG–29 में उपयोग की जाने वाली जिओलाइट्स और ब्रह्मोस मिसाइल के लिए पॉलिमरिक रेजिन जैसी सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया है। अनुभाग में "उद्योगों को सशक्त बनाना" प्रयोगशाला द्वारा विकसित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के चुनिंदा उदाहरण पेश किए गए हैं, जिन्होंने देश भर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया है। अनुभाग में "नवाचारों को बढ़ावा देना"

The second gallery, Our Heritage, traces CSIR-NCL's evolution from its roots in India's independence movement through seven decades of growth. It begins with the Board of Scientific Advice (1902), progressing through key milestones such as the Indian Industrial Commission (1916), Industrial Intelligence and Research Bureau (1935), Board of Scientific and Industrial Research (1940), Council of Scientific and Industrial Research (1942), and culminates with the founding of CSIR-NCL in 1950. CSIR-NCL's documentary films spanning from 1950 to the 2000s are played on a multimedia screen. This gallery highlights the lab's multidisciplinary approach to transforming basic science into strategic innovations, showcasing materials like zeolites used in the MiG-29 and polymeric resins for the BrahMos missile. The "Empowering Industries" section features select examples of breakthrough technologies developed by the lab that have fostered industrial growth nationwide. The "Fostering Innovations" section includes examples of

विटामिन उत्पादन, कैंसर रोधी और एचआईवी रोधी दवाएं, स्वच्छ जल फिल्टर के लिए झिल्ली, अल्फांसो आम का लक्षण वर्णन और पौधों के ऊतक संवर्धन में प्रगति जैसे नवाचारों के उदाहरण शामिल हैं। यह गैलरी भोपाल गैस आपदा के दौरान सीएसआईआर–एनसीएल के योगदान को प्रदर्शित करती है, प्रतिष्ठित शांति स्वरूप भटनागर, पद्म और रॉयल सोसाइटी फेलोशिप पुरस्कार विजेताओं की सराहना की जाती है और उन प्रसिद्ध उच्च पदाधिकारियों की यात्राओं का स्मरण करती है जिन्होंने प्रयोगशाला की स्थायी विरासत को देखा है।

तीसरी गैलरी सीएसआईआर–एनसीएल के रोडमैप, सात विषयों में व्यवस्थित प्रयोगशाला के भविष्यवादी, प्रौद्योगिकी–संचालित अनुसंधान का एक प्रेरक अवलोकन प्रदान करती है। स्वच्छ ऊर्जा हरित हाइड्रोजन, आयन एक्सचेंज मेम्ब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर, सोडियम–आयन बैटरी और प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन ईंधन कोशिकाओं के उत्पादन और भंडारण पर ध्यान केंद्रित करती है – जो एक स्वच्छ, ऊर्जा–सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। C1 रसायन विज्ञान एक–कार्बन यौगिकों के मूल्यवान रसायनों और ईंधन में परिवर्तन का पता लगाता है। चक्रीय अर्थव्यवस्था और सतत रासायनिक उद्योग का लक्ष्य अपशिष्ट को कम करना और संसाधन की दक्षता को बढ़ाना है। बायोमास अनुसंधान में कार्बनिक पदार्थों को रसायनों, सामग्रियों और ईंधन में परिवर्तित करने की प्रगति शामिल है। एग्रीटेक ने जैव–चिकित्सीय उन्नत औषधि उपचार कृषि प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दिया। इस गैलरी का अंतिम खंड औद्योगिक सूक्ष्मजीवों के राष्ट्रीय संग्रह, प्रयोगशाला के प्रमुख पेटेंट, स्पिन–ऑफ, वेंचर सेंटर– जो देश का पहला और बेहतरीन डीप–टेक बिजनेस इनक्यूबेटर है और रसायन विज्ञान और अन्य वैज्ञानिक विषयों के साथ AI/ML के तालमेल के माध्यम से सामग्री और प्रक्रिया विकास में भविष्य की प्रगति पर प्रकाश डालता है। इस गैलरी के मुख्य आकर्षणों में भारत के पहले हाइड्रोजन ईंधन सेल–संचालित कैटामरन और रासायनिक उद्योग संयंत्रों के 3D –मुद्रित मॉडल शामिल हैं जो एनसीएल की प्रौद्योगिकियों से उभरे हैं, साथ ही पीईएम ईंधन सेल और उसके घटकों के साथ शामिल एक पारदर्शी टचस्क्रीन भी शामिल है। सीएसआईआर–एनसीएल के डिजिटल अभिलेखागार को प्रदर्शित करने वाला एक टचस्क्रीन कियोस्क 15,000 से अधिक अभिलेखीय तस्वीरों और दस्तावेजों के साथ व्यापक पहुंच और जुड़ाव को बढ़ावा देता है। जर्नल लेख कवर पेज और सीएसआईआर–एनसीएल पर समाचार पत्र लेख भी गैलरी के इंटरसेक्शन में प्रदर्शित किए गए हैं।

innovations such as vitamin production, anti-cancer and anti-HIV drugs, membranes for Swach water filters, characterization of Alphonso mango, and advances in plant tissue culture. The gallery also honors CSIR-NCL's contributions during the Bhopal Gas Disaster, celebrates its distinguished Shanti Swarup Bhatnagar, Padma and Fellowship of the Royal Society awardees, and commemorates visits by notable dignitaries who have witnessed the lab's enduring legacy.

The third gallery, CSIR-NCL Roadmap, offers an inspiring overview of the laboratory's futuristic, technology-driven research, organized into seven themes. Clean Energy focuses on the production and storage of green hydrogen, anion exchange membrane electrolysers, sodium-ion batteries, and proton exchange membrane fuel cells—paving the way for a cleaner, energy-secure future. C1 Chemistry explores the transformation of one-carbon compounds into valuable chemicals and fuels. Circular Economy and Sustainable Chemical Industry aim to reduce waste and enhance resource efficiency. Biomass research encompasses advancements converting organic matter into chemicals, materials, and fuels. Agritech boosts farming technologies; bio-therapeutics advance drug therapies. The final section of this gallery highlights the National Collection of Industrial Microorganisms, lab's key patents, spin-offs, Venture Center—the country's first and finest deep-tech business incubator—and future advances in materials and process development through the synergy of AI/ML with chemistry and other scientific disciplines. The main attractions in this gallery include 3D-printed models of India's first hydrogen fuel cell-powered catamaran and chemical industry plants that have emerged from NCL's technologies, as well as a transparent touchscreen incorporated with a PEM fuel cell and its components.. A touchscreen kiosk displaying CSIR-NCL's digital archives promotes wider access and engagement with over 15,000 archival photographs and documents. Journal article cover pages, and newspaper articles on CSIR-NCL are also displayed in the intersections of the galleries.

इस परियोजना का नेतृत्व सीएसआईआर–एनसीएल के निदेशक डॉ. आशीष लेले के मार्गदर्शन में डॉ. सुनीता बर्वे, श्री कौशल कुमार, डॉ. शाक्य सेन, डॉ. वरुण नातू, डॉ. तन्मय पात्रा, श्री जितिन जैकब के और सुश्री कुमारी दुर्गा के समर्पित प्रयासों से हुआ। संपूर्ण सीएसआईआर–एनसीएल परिवार, विशेष रूप से लाइब्रेरी, विभिन्न स्तरों पर इस परियोजना में शामिल रहा है और इसमें योगदान भी दिया है।

डीएसआईआर के पूर्व सचिव और सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ. शेखर मांडे और एनसीएसएम–नेहरू विज्ञान केंद्र, मुंबई के निदेशक श्री उमेश कुमार रुस्तगी और उनकी टीम को विशेष धन्यवाद। संपूर्ण सीएसआईआर–एनसीएल परिवार, विशेष रूप से पुस्तकालय, इस परियोजना में विभिन्न स्तरों पर शामिल रहा है और योगदान दिया है।

The project led by the dedicated efforts of Dr. Sunita Barve, Mr. Kaushal Kumar, Dr. Sakya Sen, Dr. Varun Natu, Dr. Tanmoy Patra, Mr. Jithin Jacob K, and Ms. Kumari Durga under the guidance of Dr. Ashish Lele, Director, CSIR-NCL. Special acknowledgements are also made to Dr. Shekhar Mande, Former Secretary DSIR & Director General CSIR, and Shri Umesh Kumar Rustagi, Director, NCSM-Nehru Science Centre, Mumbai & team.

Special acknowledgements are also made to Dr. Shekhar Mande, Former Secretary DSIR & Director General CSIR, and Shri Umesh Kumar Rustagi, Director, NCSM-Nehru Science Centre, Mumbai & team. The entire CSIR-NCL family, especially the Library, has been involved and contributed to the project at various levels.

प्रयोगशाला के प्लैटिनम जुबली समारोह के अवसर पर डॉ. किरण मजूमदार–शॉ (बायोकॉन लिमिटेड और बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड की कार्यकारी अध्यक्ष और संस्थापक) द्वारा संग्रहालय का उद्घाटन किया गया।

Inauguration of the Museum by Dr. Kiran Mazumdar-Shaw, Executive Chairperson and Founder of Biocon Ltd. and Biocon Biologics Ltd., as part of the laboratory's platinum jubilee celebrations

उद्घाटन के दिन श्री उमेश कुमार रुस्तगी, निदेशक, नेहरू विज्ञान केंद्र (मध्य में) डॉ. किरण मजूमदार–शॉ को जानकारी प्रदान करते हुए।

Shri Umesh Kumar Rustagi, Director, Nehru Science Centre (middle), explaining to Dr. Kiran Mazumdar-Shaw on the day of inauguration

पद्मविभूषण प्रो. आर. ए. माशेलकर, संग्रहालय में आने वाले पहले विजिटर, विजिटर बुक पर हस्ताक्षर करते हुए।

Padmavibhushan Prof. R. A. Mashelkar, first visitor to the Museum signing the visitor book

पद्मविभूषण प्रो. एम.एम. शर्मा और डॉ. शेखर मांडे (पूर्व महानिदेशक, सीएसआईआर) 24–03–2025 को संग्रहालय का दौरा करते हुए

Padmavibhushan Prof. M M Sharma and former DG CSIR Dr. Shekhar Mande visiting the museum on 24-03-2025

Ek Ped Maa Ke Naam

75

1950-2025

CELEBRATING 75 YEARS OF EXCELLENCE

विज्ञान और प्रौद्योगिकी समर्थन सेवाएं

S&T SUPPORT SERVICES

इंजीनियरिंग सेवा इकाई / Engineering Services Unit

कौशल विकास कार्यक्रम / Skill Development Program

प्रयोगशाला सुरक्षा प्रबंधन / Lab Safety Management

वित्त और लेखा / Finance & Accounts

भंडार और क्रय / Stores & Purchase

प्रकाशन एवं विज्ञान संचार / Publication and Science communication

अभियांत्रिकी सेवा इकाई (ESU) ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न आधारिक संरचना और रखरखाव परियोजनाएँ पूरी की। आवास सुधार के अंतर्गत लगभग 30 आवासीय क्वार्टर का नवीनीकरण किया गया एवं परिसर में बड़े पैमाने पर विकास और नवीनीकरण कार्य किए गए ।

इस इकाई ने महत्वपूर्ण उन्नत कार्य किए, जिनमें ऑडिटोरियम का नवीनीकरण, मुख्य भवन विंग के शौचालय, नवीन कैफेटेरिया और विद्युत सब–स्टेशन शामिल हैं। एनसीएल के मुख्य भवन का बाहरी रंगरोगन किया गया तथा एक नए प्रदर्शनी कक्ष के लिए मूलभूत सुविधाओं का निर्माण किया गया। भटनागर टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों को आवंटित सभी क्वार्टर को एक महीने की अल्प अवधि के भीतर विभाग की ओर से रंग रोगन किया गया।

इस इकाई द्वारा ऑनलाइन जॉब कार्ड प्रणाली विकसित की गई, जिससे दक्षता में सुधार हुआ, जिसके माध्यम से प्रयोगशाला और कॉलोनी के लिए लगभग 5,500 रखरखाव जॉब कार्डों पर ध्यान दिया गया। कई फ्यूम हुड्स की आंतरिक मरम्मत की गई तथा प्रयोगशाला, चिकित्सा केंद्र और अतिथि गृह में स्थापित लगभग 750 से 800 एयर कंडीशनरों की विभागीय सर्विसिंग पूरी की गई। इकाई ने अनुपयोगी मशीनरी की भी नीलामी की तथा ग्लास ब्लोइंग वर्कशॉप से उपयोगी इकाइयों को स्थानांतरित किया, जिससे राष्ट्रीय महत्व की एक नई परियोजना के लिए जगह बनी ।

आधारिक संरचना और रखरखाव के लिए ESU ने स्वच्छता अभियान, सुरक्षा सप्ताह और सम्मेलनों के आयोजन में सहायता करके संस्थागत गतिविधियों का समर्थन किया। इस इकाई ने संस्थान की क्षमता को मजबूत करने के लिए सुरक्षा और संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए।

The Engineering Services Unit (ESU) completed various infrastructure and maintenance projects across different schemes. Nearly 30 residential quarters were renovated as part of housing improvements, with major development and renovation works spanning the campus.

The unit undertook significant upgrades, including the refurbishment of the auditorium, main building wing toilets, the new cafeteria, and the electrical sub-station. The NCL main building was externally painted, and infrastructure for a new exhibition room was created. For the Bhatnagar Tournament, quarters were allotted to players, all of which were painted departmentally within a short span of one month.

An online job card system was developed, improving the efficiency, through which nearly 5,500 maintenance job cards for the laboratory and colony were attended. In-house repair of several fume hoods was conducted, and departmental servicing of approximately 750 to 800 air conditioners installed in the laboratory, medical center, and guest house was completed. The unit also auctioned unserviceable machinery and shifted serviceable units from the glass-blowing workshop, thereby creating space for a new assignment of national importance.

Beyond infrastructure and maintenance, ESU supported institutional activities by assisting in the organization of Swachchtha Abhiyan, Safety Week, and conferences. The unit also conducted training programs on safety and related topics to strengthen the institute's capacity.

सीएसआईआर–एनसीएल **"एकीकृत कौशल पहल"** कार्यक्रम चला रहा है, जो स्नातक, स्नातकोत्तर, पेशेवरों और उद्योग कर्मचारियों के लिए विभिन्न कौशल विकास और कौशल उन्नयन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इसका लक्ष्य उद्यमशीलता को समर्थन देकर तथा छात्रों और उद्योग पेशेवरों के लिए एक मंच तैयार करके उद्योग और शिक्षा जगत के बीच अंतर को कम करना है। इसका लक्ष्य एक मजबूत, ठोस, अंतर–विषयक प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने पर है, ताकि औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने वाले कुशल कार्यबल का निर्माण किया जा सके। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य राष्ट्रीय कौशल योग्यता संरचना (NSQF) के अंतर्गत विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण के माध्यम से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की उद्योग माँगों के अनुरूप उच्च–गुणवत्तापूर्ण, कुशल कार्यबल तैयार करना है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम लघु–स्तरीय तकनीकी उद्यमिता सहित रोजगार के अवसरों से भी जुड़े हैं। इससे विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में कुशल श्रमिकों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित होती है, जिससे भारत और विदेश दोनों में आजीविका के अवसर बढ़ते हैं। सीएसआईआर–एनसीएल में कौशल पहल का उद्देश्य उन्नत SDP कार्यक्रमों के माध्यम से संभावित स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों को विशिष्ट अनुसंधान कौशल से सज्जित और प्रशिक्षित करके अनुसंधान और विकास को बढ़ाना है। यह उन शोधकर्ताओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिनकी ऐसे शिक्षण संसाधनों तक सीमित पहुंच है।

मुख्य सफलताएं

- अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक 14 कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए ।
- हमने 2024–2025 वित्तीय वर्ष के लिए कुल 182 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया है।
- इनमें से एक पाठ्यक्रम पुणे स्थित आयुध निर्माणी के अनुरोध पर तैयार किया गया था। इस पाठ्यक्रम में सहायक प्रबंधक से लेकर प्रबंधक तक के पदों वाले छह कर्मचारियों को विशिष्ट, कस्टम–डिजाइन प्रशिक्षण दिया गया।
- सिंथेटिक ऑर्गेनिक केमिस्ट्री' पर कौशल विकास कार्यक्रम के तीन प्रतिभागियों को कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से उद्योग में नौकरी का प्रस्ताव मिला है । कौशल पाठ्यक्रम पूरा करने के तुरंत बाद उम्मीदवारों ने पद ग्रहण कर लिया ।

CSIR-NCL has been conducting the **"Integrated Skill Initiative"** programs, offering various skill development and upskilling courses for undergraduates, postgraduates, professionals, and industry staff. The goal is to bridge the gap between industry and academia by supporting entrepreneurship and creating a platform for students and Industry professionals. The focus is on developing a strong, sustainable, cross-disciplinary training module to produce a skilled workforce that meets industrial needs. These courses aim to produce a high-quality, skilled workforce aligned with current and future industry demands in the S&T sector through training in diverse areas under the National Skill Qualification Framework (NSQF). These training programs are also linked to employment opportunities, including small-scale techno preneurship. This ensures a steady supply of skilled workers across various technical fields, enhancing livelihood opportunities both in India and abroad. The skill initiative at CSIR-NCL aims to enhance research and development by equipping and training potential postgraduate and Ph.D. students with specialized research skills through advanced SDP programs. This is especially vital for researchers with limited access to such learning resources.

Key Achievements

- Conducted 14 skill development programs from April 2024 to March 2025.
- We have trained a total of 182 candidates for the 2024-2025 financial year.
- One of the courses was designed at the request of the Ammunition Factory in Pune. In this course, six employees with designations ranging from assistant manager to manager received specialized, custom-designed training.
- Three participants of the skill development program on 'Synthetic Organic Chemistry' have been offered a job in the industry through a campus interview. The candidates joined the position immediately after completing the skilling course.

- सीएसआईआर–एनसीएल में आयोजित कौशल विकास कार्यक्रमों के कुछ प्रतिभागी विभिन्न सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में परियोजना सहयोगी के रूप में सफलतापूर्वक शामिल हो गए हैं। यह न केवल तकनीकी कौशल प्रदान करने में प्रशिक्षण पहल की प्रभावशीलता को उजागर करता है, बल्कि संगठन के भीतर अनुसंधान भूमिकाओं में रोजगार के अवसर भी प्रदान करता है। ये पद प्रतिभागियों को वैज्ञानिक अनुसंधान में अपना करियर जारी रखने और चल रही परियोजनाओं में योगदान करने का अवसर प्रदान करते हैं।
- प्रतिभागियों ने फीडबैक के माध्यम से एसडीपी पाठ्यक्रमों के प्रति अपनी संतुष्टि व्यक्त की है
- कई प्रतिभागियों ने अपने प्रशिक्षकों में मार्गदर्शक की पहचान की और उनके साथ अपने सामाजिक संबंध बनाए रखे और लाभान्वित हुए । यह उनके लिए साथी प्रतिभागियों के साथ सामाजिक संपर्क बनाने का एक अच्छा अवसर था।

- Some participants from the skill development programs conducted at CSIR-NCL have successfully joined various CSIR labs as Project Associates. This highlights the effectiveness of the training initiatives in providing not only technical skills but also employment opportunities in research roles within the organisation. These positions allow participants to continue their careers in scientific research and contribute to ongoing projects.
- Participants have reported their satisfaction with the SDP courses they attended through feedback.
- Many participants have identified mentors in their instructors and continued their social relationships and benefited. It was a good opportunity for them to build social network with fellow participants.

प्रयोगशाला ने पूरे परिसर में सुरक्षा आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया है। इस पहल के अंतर्गत विभिन्न अग्निशमन उपकरणों जैसे फायर बॉल, फायर ब्लैंकेट, रेत की बाल्टियाँ और विभिन्न प्रकार के अग्निशमन उपकरणों यंत्रों से सुसज्जित चालीस फायर ट्रॉलियों को रणनीतिक रूप से प्रमुख स्थानों पर रखा गया था। खतरनाक रसायनों के सुरक्षित भंडारण और प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए पीली सुरक्षा अलमारियाँ खरीदी गईं और विभिन्न प्रयोगशालाओं में वितरित की गईं।

The Laboratory has strengthened the safety infrastructure across the campus. As part of this initiative, forty fire trolleys equipped with various firefighting tools-such as fireballs, fire blankets, sand buckets, and different types of fire extinguishers were strategically placed at key locations. Yellow safety cabinets were procured and distributed to various laboratories to ensure the safe storage and handling of hazardous chemicals.

विभिन्न अग्निशमन उपकरणों से सुसज्जित फायर ट्रॉली /*Fire Trolley equipped with various firefighting tools*

वर्तमान अग्नि हाइड्रेंट प्रणाली का मूल्यांकन बाहरी सलाहकारों द्वारा हाइड्रेंट दबाव, अग्नि जल भंडारण क्षमता, पंप और पाइपलाइनों के लिए किया गया था। उनके मूल्यांकन के आधार पर वर्तमान प्रणाली में सुधार के साथ–साथ एक उन्नत अग्नि हाइड्रेंट प्रणाली स्थापित करने की सिफारिशें प्राप्त हुईं। परिसर को खतरा–मुक्त रखने के लिए प्रयोगशालाओं से निकलने वाले खतरनाक रसायनों का सुरक्षित निपटान आवश्यक है। इस संबंध में एमपीसीबी द्वारा अनुमोदित एजेंसी महाराष्ट्र एनवायरो पावर लिमिटेड (एमईपीएल) के साथ अपनी सुविधा पर अपशिष्ट खतरनाक रसायनों के निपटान के लिए एक समझौता किया गया।

The current fire hydrant system was evaluated by external consultants for hydrant pressure, firewater storage capacity, pumps, and pipelines. Based on their assessment, recommendations for improving the present system as well as installing an upgraded fire hydrant system was received. The safe disposal of waste hazardous chemicals from the laboratories is essential to keep the premises hazard-free. In this regard, an agreement was executed with Maharashtra Enviro Power Ltd. (MEPL), an MPCB-approved agency, for the disposal of waste hazardous chemicals at their facility.

इस समझौते के बाद खतरनाक रसायनों के अपशिष्ट का एक बड़ा हिस्सा परिसर से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया। अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला के रूप में काम करने की सहमति का नवीनीकरण, जो पर्यावरण कानूनों के अंतर्गत एक अनिवार्य नियामक आवश्यकता है, सफलतापूर्वक पूरा हो गया और अगस्त 2028 तक वैध है।

प्रत्येक वर्ष की तरह राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह – 2025 (NSW – 2025) दिनांक 4 से 10 मार्च 2025 तक मनाया गया, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों के मध्य प्रयोगशाला सुरक्षा के विषय में जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान चित्रकला, सुरक्षा मीम और स्लोगन प्रतियोगिताओं और पीपीई और प्रयोगशाला सुरक्षा उपकरणों के प्रदर्शन जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक सुरक्षित और संरक्षित प्रयोगशाला वातावरण के प्रति प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। सुरक्षा विशेषज्ञ द्वारा एक व्याख्यान आयोजित किया गया और सर्वोत्तम सुरक्षा अनुपालन प्रदर्शित करने वाली प्रयोगशालाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयारी बढ़ाने के लिए सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के साथ–साथ फायर कंबल प्रदर्शन भी आयोजित किया गया। अघोषित मॉक ड्रिल भी आयोजित की गई और सीखे गए मुख्य अवलोकनों और निष्कर्षों का दस्तावेजीकरण किया गया।

